# एक तरफ पाठशाला तो दूसरी तरफ मधुशाला

## जरहा के किराना दुकान में परोसी जा रही अवैध शराब, माड़ा पुलिस का मिला सरंक्षण

सिंगरौली

अपने गाने में राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर मजाकिया अंदाज में कटाक्ष कर सरकार पर निशाना साधने वाली लोक गायिका नेहा राठौर का मशहूर गाना एक ओर खुला पाठशाला, दूसर ओर मधुशाला भले ही दिल्ली सरकार के लिए गाई थी लेकिन यह लाइनें मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के माड़ा थाना क्षेत्र के जरहा में संचालित शासकीय स्कूल के ठीक सामने खुली मधुशाला के लिए सटीक बैठ रही है। यह स्कूल के सामने दिन हर समय देसी विदेशी सहित बियर की बोतल आसानी से मिल जाती है।

सूत्रों की बातों पर गौर करें तो माड़ा थाना क्षेत्र के जरहा गांव में शासकीय हाई स्कूल संचालित है स्कूल के सामने एक किराना दुकान संचालित हो रही है इस किराना दुकान में रोजमर्रा की वस्तुएं बड़े आसानी से उपलब्ध हो जाती है लेकिन यहां अवैध



मदिरा भी बहुत आसानी से शराबियों को मिल जाता है सूत्र तो यह भी दावा करते हैं कि उक्त किराना दुकान के सामने ही शराबी शराब पीकर झूमते हुए गाली गलौज करते रहते हैं जिसकी शिकायत कई बार स्थानीय लोगों ने माड़ा पुलिस को की है। यहां तक की जरहा गांव की महिलाएं भी कई बार आवाज़ उठाई है। लेकिन माड़ा पुलिस शिकायत मिलने के बाद उस वक्त किराना दुकान पर पहुंचती है जब दुकान बंद रहती है या फिर कारखास पहले ही किराना दुकान व्यापारी को जानकारी दे देता है। ऐसे में विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं काफी भयभीत रहते हैं साथ ही पढ़ाई का माहौल बिगड़ रहा है। स्थानीय लोगों की बातों पर गौर करें तो इस किराना दुकान की आड़ में अवैध शराब का गोरख धंधा चल रहा है जिसके चलते विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राएं काफी परेशान है। जब विद्यालय के बाहर निकलती है तो शराबियों के द्वारा छीटा कसी की जाती है। इसके बावजूद माड़ा पुलिस ऐसे अवैध कारोबारी पर कार्यवाही करने की बजाय खुला संरक्षण दे रखी है। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि माड़ा थाना में पदस्थ एक कारखास के द्वारा हर महीने नजराना लिया जाता है जिसके चलते खुली छूट दी गई है। कहा तो यह भी जाता है कि उक्त किराना व्यापारी कुचिया चलता है। यही कारण है कि शराब व्यवसाई ने भी जिम्मेदारी ली है कि तुम चलाओ पुलिस कुछ नहीं करेगी।

### बच्चों पर पढ़ रहा गलत असर

शिक्षा के मंदिर में छात्र-छात्राएं शिक्षा अध्ययन करने जाते हैं आसपास का माहौल बेहतर होगा तो छात्र-छात्राओं के पढ़ने में कोई कठिनाई नहीं होगी। लेकिन जब आसपास का माहौल गलत होगा तो बच्चों पर गलत असर पड़ेगा। कुछ ऐसा ही जरहा मैं संचालित शासकीय हाई के सामने संचालित किराना दुकान है जहां खुलेआम किराना दुकान में अवैध शराब का गोरख धंधा संचालित हो रहा है।

### इनका कहना है

*अभी तक मेरे संज्ञान में इस तरह की जानकारी नहीं आई है अगर शराब दिख रही है तो पुलिस भेज कर कारवाई की जाएगी।*

**शिवकुमार वर्मा, एएसपी सिंगरौली**

*विद्यालय के पास अगर अवैध शराब चल रही है तो अवश्य कार्यवाही करेंगे।*

**नृपेंद्र सिंह, थाना प्रभारी माड़ा**

# प्रयागराज पावर प्लांट में जाने वाले कोयले में हो रही मिलावट!

**सिंगरौली।** प्रयागराज पावर प्लांट को भेजे जाने वाले कोयले में मिलावट की जा रही है। एनसीएल की खदानों से पावर प्लांट के लिए हाई ग्रेड कोयला निकाला जाता है। उसी हाई ग्रेड कोयले में चारकोल, कोल डस्ट और रिजेक्ट कोयला रेलवे साइडिंग में मिलाया जाता है। फिर रेलवे रैक से मिलावटी कोयला पावर प्लांट में भेजा रहा है। मिलावट का यह खेल गोंदवाली, महदेइया और मोरवा रेलवे साइडिंग में चल रहा है। यदि जांच एजेंसी निष्पक्षता से कोयले की जांच करें तो कई ऐसे कारोबारी बेनकाब होंगे जो ईमानदारी का चोला पहनकर काम कर रहे हैं।



गौरतलब है कि जिले में संचालित विभिन्न रेलवे साइडिग में भारी गड़बड़ी की जा रही है। समय-समय पर संबंधित मामला भी सामने आता रहा है।पावर प्लांटों में जाने वाले कोयले में मिलावट के इस गोरखधंधे को पकड़ने में कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखाते। हालांकि कई साल पहले एनसीएल सीएमडी ने कृष्णशीला साइडिंग पर चारकोल की गाड़ी पकड़ा था। इसके बाद जांच जरूर शुरू। इस जांच में बड़े घोटाले के संकेत मिले थे। लेकिन जांच मैं किसी बड़े कोल माफिया के गिरेबान तक जांच टीम नहीं पहुंची सकीं। सूत्रों की माने तो अधिकारियों को भी पावर प्लांट में जाने वाले कोयले में मिलावट की जानकारी रहती है। लेकिन जब कमीशन कम या फिर समय पर कमीशन नहीं पहुंचता तो कोल माफियाओं को डराने और अवैध वसूली के लिए अधिकारी इस तरह के हथकंडे अपनाते हैं और अपना हित साधते हैं। हालांकि ऐसे में सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ता हैं। सूत्र दावा करते है कि पिछले महीने जय मां काली और जय अंबे डीओ होल्डर ने करीब 20 हजार टन कोयले में भारी भरकम छाई की मिलावट की गई है। पावर प्लांट कंपनियों को हाई ग्रेड कोयले के नाम पर मिलावटी कोयला आपूर्ति कर करोड़ों के राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वहीं, ट्रांसपोर्टर और लोडर को करोड़ों का मुनाफा हो रहा है। प्रयागराज पावर को कोयला सप्लाई करने वाले डीओ होल्डर और ट्रांसपोर्टर के बीच खेल होता है। हालांकि इस खेल में रेलवे अधिकारी, पावर कंपनियों से जुड़े लोग सहित कई एजेंसियां शामिल रहतीं है।

# एएसपी ने साप्ताहिक जनरल परेड का किया निरीक्षण

## उत्कृष्ट टर्नआउट वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया पुरस्कृत

**सिंगरौली।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली शिव कुमार वर्मा ने पुलिस लाईन पचौर में साप्ताहिक जनरल परेड का निरीक्षण किया । प्रात: 8 बजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का पुलिस लाईन पचौर में आगमन हुआ। जनरल परेड के दौरान सर्वप्रथम परेड की सलामी दी गई तत्पश्चात प्लाटूनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्तम वेशभूषा, टर्न आऊट के लिये अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसा एवं ईनाम दिये गये इसके बाद मार्चपास्ट करते हुये सलामी दी गई । इसी



क्रम में थानो से आये वाहनो का निरीक्षण किया गया एवं वाहनों के बेहतर रख-रखाव एवं रन डायरी को दुरूस्त रखने के निर्देश दियें गयें तथा पुलिस लाईन क्राटर गार्ड निरीक्षण के दौरान क्राटर गार्ड द्वारा सलामी दी गई। तत्पश्चात पुलिस लाईन की विभिन्न शाखाओ का निरीक्षण किया जाकर आवश्यक निर्देश दिये तत्पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नें पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियो कि समस्यओ को गंभीरतापूर्वक सुना एवं त्वरित निराकरण की कार्यवाही की गई साथ ही परेड मे उपस्थिति अधिकारी एवं कर्मचारियों को बेहतर अनुशासन में रहने एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग व सचेत रहने की समझाइश दी गई।जनरल परेड में रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान, सुबेदार आशिष तिवारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाईन एवं थाना चौकी क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे है।

# मायाराम महाविद्यालय में छात्राओं को नि:शुल्क ड्राईविंग लाईसेंस बनाने हेतु परिवहन विभाग ने लगाया शिविर

**सिंगरौली।** मायाराम महाविद्यालय में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत सिंगरौली जिले के परिवहन विभाग द्वारा महाविद्यालय में अध्यनरत 60 छात्राओं का निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाया गया। परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों ने महाविद्यालय में शिविर के अंतर्गत ड्राइविंग लाइसेंस के महत्व एवं इसकी आवश्यकता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला एवं छात्राओं को इसके लिए जागरूक किया। महाविद्यालय के डायरेक्टर बद्री नारायण बैस के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# निवास में हटाया गया बहुप्रतीक्षित अतिक्रमण

**सिंगरौली।** भयंकर अतिक्रमण से जूझ रहे तहसील सरई के निवास, पापल ग्राम में उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया जब तहसीलदार सरई चन्द्रशेखर मिश्रा राजस्व, पुलिस, पंचायत के दल बल के साथ मुख्य बाजार पहुंच गए। ग्राम निवास में 87 तथा पापल के 76 अतिक्रमणकारियों ने निगरी सरई मुख्य मार्ग शासकीय सड़क एवं उसके किनारे अतिक्रमण किया गया था। जिनके विरुद्ध विधिवत धारा 248 म.प्र. भूराजस्व संहिता 1959 के तहत तहसील न्यायलय में प्रकरण दर्ज कर सुनवाई में लिया गया था। सभी के पक्ष समर्थन सुनने के बाद बेदखली का आदेश पारित किया गया। उक्त



आदेश के परिपालन में सभी को अपना अतिक्रमण हटाए जाने हेतु नोटिस जारी की गई थी। परंतु अतिक्रमण करता होने नोटिस में सूचित होने के बाद भी सड़क के किनारे अपना अतिक्रमण बनाए रखा। स्थानीय जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायत के सरपंचों के द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने हेतु अनुरोध किया गया था। उक्त अतिक्रमण को सोमवार को हटा दिया गया। अतिक्रमणकरियों में हड़कंप का माहौल था। कुछ ने खुद से तो कुछ पर बुलडोजर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।अतिक्रमणकारियों की एक न चली। अंतत: अतिक्रमण हटाना पड़ा। विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व ही निवास में रोड एक्सीडेंट में एक छात्र की मृत्यु हो गई थी। व्यापक अतिक्रमण के कारण गाड़ियों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती थी। तहसीलदार सरई चन्द्रशेखर मिश्रा के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने की व्यापक कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान पुलिस की कमान निगरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विनय शुक्ला ने सम्हाली। नायब तहसीलदार देवकरण सिंह पूरी कार्यवाही के दौरान राजस्व की टीम के साथ आर आई मनफेर रावत के साथ पटवारी देवल सिंह, महिपाल सिंह, अनिल सिसोदिया मुस्तैद रहे। यह पहली बार है जब इतने व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही हुई है। विद्यालय परिसर, सार्वजनिक शौचालय, सड़क के दोनों ओर से अतिक्रमण को पूर्व पूर्णतया मुक्त करा दिया गया है।

# अपर कलेक्टर ने की 120 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई

**सिंगरौली।** अपर कलेक्टर अरविंद झा के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागर में आयोजित जन सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलो से आए 120 आवेदको के द्वारा अपनी समस्याओं से अपर कलेक्टर को अवगत कराते हुये अपना आवेदन दिया गया। अपर कलेक्टर के द्वारा सभी आवेदको से उनकी समस्याओं को सुनने के पश्चत जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो से कई आवेदको की समस्याओं का जन सुनवाई में त्वारित निराकरण कराया गया। साथ ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हो सका संबंधित विभागीय अधिकारियो की ओर भेजते हुये निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी आवेदको से सम्पर्क कर उनकी समस्याओं का निराकरण कराये। जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा तहसीलदार रमेश कोल, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजस्व व पुलिस द्वारा संयुक्त कैंप लगाकर आयोजित की गई जनसुनवाई

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला सिंगरौली व पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री सिंगरौली के निर्देशन में जिले के समस्त तहसील कार्यालयो में भूमि-जमीन संबंधी विवादों से संबंधित शिकायतो का निराकरण करने हेतु तहसील कार्यालयो में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान राजस्व व पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।जनसुनवाई तहसील कार्यालयों में आयोजित की गई। जनसुनवाई में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र राजव व पुलिस अधिकारीयों के समक्ष में प्रस्तुत किये गये, जिसे प्रत्येक आवेदकों से रू-ब-रू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया। व शेष आवेदन पत्रो में जॉच के बाद कार्यवाही की



जायेगी।आयोजित जनसुनवाई में राजस्व एवं पुलिस अधिकारीगण संयुक्त कैम्प लगाकर आवेदक एवं अनावेदक पक्ष को तलब कर उनकी शिकायतों/विवादों पर समुचित वैधानिक कार्यवाही व आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही एवं शिकायतों का समाधानकारक निराकरण किया गया है। नियम विरुद्ध विवाद कर रहे पक्ष के विरुद्ध त्वरित संज्ञान लेकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर बाउंड ओव्हर कराया ताकि भविष्य में विवाद ना बढ़ सके।

# शिक्षक डायरी नहीं दिखाने पर बीईओ ने मांगा जबाव

## डीईओ एवं सहायक संचालक ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**सिंगरौली।** भले ही शिक्षा विभाग की तरफ से शिक्षकों को प्रतिदिन टीचर डायरी लिखने के लिए आदेश दिए गए हैं लेकिन अभी भी कई ऐसे लापरवाह शिक्षक है जो टीचर डायरी बनाए ही नहीं है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह एवं सहायक संचालक कविता त्रिपाठी ने विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान हाई स्कूल देवरीडांड़ के निरीक्षण में शिक्षक डायरी न बनाये जाने पर डीईओ ने नाराजगी जाहिर कर हिदायत देते हुए जवाब मांगा है। वही सहायक संचालक ने पंजरेह विद्यालय के दो शिक्षक गैरहाजिर मिले। कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने विकास खंड चितरंगी अंतर्गत एमएस कठास, पीएस टिकुरी टोला, पीएस खीरवा, एमएस खिरवा, एमएस अजगुढ़, एचएस अजगुढ़ एवं ब्लॉक बैढ़न अंतर्गत एचएस देवरीडांड़ का निरीक्षण डीईओ ने किया। निरीक्षण के दौरान छात्रों के शैक्षणिक गुणवत्ता की जाँच की गई। साथ ही कमजोर बच्चों को परीक्षा मे अच्छे अंक लाने के लिए कड़ी मेहनत कराने एवं रेमेडियल क्लास के संचालन के लिए निर्देशित किया गया। शिक्षकों की शिक्षक डायरी का अवलोकन किया गया। जो शिक्षक डायरी नही बनाये थे उन्हें कड़ी चेतावनी के साथ आगामी भ्रमण में चेक कराने के लिए निर्देशित किया गया।

# बीपीएल बलियरी प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन का महापौर ने किया शुभारंभ



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 38 तुलसी में बीपीएल बलियरी प्रीमियर लीग 2024-25 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन -3 का भव्य शुभारंभ नगर पालिक निगम सिंगरौली महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल के द्वारा किया गया। बिलौजी एवं मेढ़ौली टीम के खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर उत्साह के साथ मुकाबले में जाने की शुभकामना दी। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद एवं अपीलीय समिति समदस्य नगर पालिक निगम सिंगरौली अनिल बैस ने की। इस दौरान पार्षद खुर्शीद आलम, पार्षद श्रीमती श्यामला देवी , समाजसेवी एड अवनीश कुमार दूबे , लाल बाबू वैस, प्रमोद कुमार वैश्य, रवि चंद वैश्य , राम भजन शाह और वॉर्ड के जनता जनार्दन उपस्थित रहेकी गरिमामय उपस्थिति रही । लीग के प्रथम दिवस बिलोंजी ओर मेढ़ोली के बीच पहला मुकाबला खेला गया।

# बाघाडीह एवं देवरा में आयोजित जन कल्याण शिविर में पहुचे कलेक्टर

## लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड न बनने पर सचिव एवं रोजगार सहायक को कलेक्टर ने लगाई फटकार

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 2024-25 जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 चलाया जा रहा जिसके अंतर्गत केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की चिन्हित 63 सेवाओं एवं 45 हितग्राही मूलक योजनाओं के शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदाय किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा जनपद पंचायत देवसर क्षेत्रांतर्गत के ग्राम पंचायत बाघाडीह एवं देवरा पहुचकर शिविर में पात्र हितग्राहियों को दिए जाने वाले लाभ एवं बुजुर्गो से मिलकर उनकी समस्याओं एवं शासन द्वारा उन्हे दी



जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। ग्राम पचायत बाघाडीह में आयोजित शिविर के दौरान सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गो का आयुष्मान कार्ड लक्ष्य के अनुसार नही बनाये जाने पर सचिव एवं रोजगार सहायक को फटकार लागते हुये निर्देश दियें कि तीन दिवस के अंदर शत प्रतिशत पात्र बुजुर्गो का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करे।

कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिये कि यदि तीन दिवस के अंदर लक्ष्य अनुसार 70 वर्ष से अधिक आयु वालो का आयुष्मान कार्ड नही बनाया गया तो सचिव एवं रोजगार सहायक को सेवा से पृथक करने की कार्यवाही करे। वही हल्का पटवारी के द्वारा शिविर में बी-1 का वाचन नही करने एवं फौती नामातरण चिन्हित नही कियें जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि शिविर में बी-1 का वाचन करे साथ छूटे किसानो की शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्रेसन, फौती नामातरण का चिन्हांकन साथ ही नामातरण, वटनवारा, नक्शा तरमीम की भी कार्यवाही शत प्रतिशत की जायें। बाघाडीह में आयोजित शिविर का शुभारंभ संबंधित पंचायत क्षेत्रांतर्गत के आदिवासी समूहों के द्वारा लोकनृत्य कर किया गया। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया गया। तत्पश्चात कलेक्टर के द्वारा ग्राम पंचायत देवरा में आयोजित शिविर का अवलोकन कर उपस्थित अधिकारियो कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि शिविर में पात्र हितग्राहियों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करायें। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, जनपद अध्यक्ष देवसर प्रणव पाठक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत देवसर संजीव तिवारी, तहसीलदार नागेश पनिका, प्रदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर परिषद बरगवां जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

क्र./840/न.प./निर्माण/2024 बरगवां,दिनांक 17.12.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्र. | आनलाइन निविदा क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | 1. कार्य की समयावधि 2. कार्य की लागत | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. अमानत राशि (FDR) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD_388964_1 Date 17.12.2024 | वार्ड क्र. 07 में रामधारी साकेत के घर से बाईपास एन.एच. - 39 तक पी.सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 1. 03 माह 2. 16.87 लाख | 1. 2000.00 2. 12654.00 | 16.01.2025 |

नोट:- कार्यालय द्वारा उपरोक्त निविदाओं में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन केवल बेवसाइट https://www.mptenders.gov.in में किया जावेगा इस हेतु पृथक से समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी नही की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बरगवां
जिला-सिंगराली (म.प्र.)

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 110 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

## समस्याओं का समय-सीमा में करें गुणवत्तापूर्ण निराकरण : कलेक्टर

सीधी

जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 110 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित शिकायतकर्ता सूचित करें।



जनसुनवाई में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों की पहचान करें तथा उनका समाधान करते हुए प्रत्येक हितग्राही को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## एक राजनीतिक योद्धा दुनिया को अलविदा किया

**सीधी।** लोकतंत्र सेनानी संघ सीधी और सिंगरौली ने लोकतंत्र सेनानी भारतीय जन संघ से भारतीय जनता पार्टी तक संघर्ष के प्रतीक केशव पाण्डेय रीवा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि राजनीति का महायोद्धा जो विपरीत परिस्थिति में संघर्ष कर पूरे विंध्य क्षेत्र में संगठन को खड़ा किया वह अब दुनिया को अलविदा कर दिया। श्री पाण्डेय जब दहाड़ते थे तो सत्ता पक्ष के कान खड़े हो जाते थे, इमरजेन्सी में जेल में रहे, वे न तो झुके न तो टूटे। उनके जाने से विंध्य ने एक दमदार नेता खो दिया है, संघ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में लोकतंत्र सेनानी संघ सीधी सिंगरौली के अध्यक्ष यदुनाथ सिंह, बाला प्रसाद गुप्ता, मंगलेश्वर सिंह, अखिलेश सिंह, चन्द्रवती चैरसिया, लोकतंत्र प्रहरी संघ के जिला संयोजक राकेश सिंह (रिन्कू), सह संयोजक अविनाश प्रधान, अतुल सिंह (मीनू), अनीता चैरसिया रहे।

# जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय को पितृ शोक, भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं सीधी जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय के पिता स्वर्गीय श्री केशव प्रसाद पाण्डेय के निधन पर भाजपाइयों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उनके स्वजनों को इस वज्रघात को सहन करने की ईश्वर शक्ति प्रदान करें।



शोक श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं चुरहट के पूर्व विधायक शरदेन्दु तिवारी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हजारों की संख्या में शामिल हैं।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि स्वर्गीय श्री पाण्डेय भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य, रीवा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं संगठन मंत्री का सफलतापूर्वक दायित्व का निर्वहन करते हुए पार्टी के विभिन्न पदों में पदों पर कार्य किए हैं। उनके निधन से पूरे विंध्य प्रदेश में शोक की लहर है। स्वर्गीय श्री पाण्डेय अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं।17 दिसंबर को उनका पार्थिव शरीर अपराह्न 3 बजे से पार्टी कार्यालय अटल कुंज रीवा में कार्यकर्ताओं के दर्शनार्थ उपलब्ध रहेगा। तदोपरान्त शाम 5 बजे गृह ग्राम पहड़िया हेतु प्रस्थान होगा।अंतिम संस्कार कल वाराणसी में किया जायेगा।

## ग्रामीणों ने किया आंदोलन, पुलिस के साथ की अभद्रता

**सीधी।** जिले के सीधी-खड्डी मार्ग में स्थित बारी गांव में ग्रामीणों द्वारा अपने घर के सामने बीच सडक़ में पत्थर रखकर आवागवन बाधित कर दिया गया। सूचना मिलने पर बम्हनी चौकी प्रभारी डीडी सिंह दो अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। वहां जब उनके द्वारा सडक़ पर रखे पत्थरों को हटवाने का प्रयास किया गया तो ग्रामीणों द्वारा विरोध शुरू कर दिया गया। जब उन्हें समझाईश दी गई कि बिना पूर्व सूचना के मुख्य सडक़ पर चक्काजाम करना गैर कानूनी है तो ग्रामीण जबरजस्ती पर उतार आए। उनके द्वारा महिलाओं को आगे करके पीछे से उकसाना शुरू कर दिया गया।

# बीज अमानक पाये जाने पर क्रय, विक्रय, भण्डारण प्रतिबंधित

**सीधी।** उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास सीधी संजय कुमार श्रीवास्तव ने आदेश जारी कर अजीत सीड्स प्रा.लि. औरंगाबाद के गेहूँ अजीत 349/व्हीकेएस-53 लाट नम्बर 00एफ48512, प्रभात एग्री बायोटेक लि. तेलंगाना गेहूँ राइडर व्हीकेएस-54 लाट नम्बर एफजीएन 486814, बजाज एग्रो सीड्स हैदराबाद गेहूँ बजाज 330/पीएस-16 लाट नम्बर 30407829, जयकोड बायो सीड्स प्रा.लि. निजामपुरा रोड बडोदरा गुजरात सरसों जेडीएमएस-2 जीपीएस-20 लाट नम्बर 4918 एवं ब्रसिंमा क्रॉप साइंस प्रा.लि. शंकरपल्ला तेलंगाना सरसों बीआर99एम जीपीएस-31 लाट नम्बर 11100445-24 के विश्लेषण में अमानक पाये जाने पर बीजों के भण्डारण, क्रय, विक्रय एवं परिवहन पर प्रतिबंध लगाया है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त गेहूँ बीज में. तिवारी बीज भण्डार प्रो. बीरभद्र तिवारी जयस्तम्भ पार्क के सामने सीधी वि.ख. सीधी जिला सीधी से अजीत सीड्स प्रा.लि. औरंगाबाद के गेहूँ अजीत 349/व्हीकेएस-53 लाट नम्बर 00एफ48512, में. कृषि परामर्श केन्द्र प्रो. जय सिंह बघेल जमोड़ी खुर्द प्रियदर्शनी नगर सीधी वि.ख. सीधी से प्रभात एग्री बायोटेक लि. तेलंगाना गेहूँ राइडर व्हीकेएस-54 लाट नम्बर एफजीएन 486814, मे. कान्हा खाद बीज भण्डार प्रो. अंजू गुप्ता वार्ड क्र. 8 नगर परिषद मझौली वि.ख. मझौली से बजाज एग्रो सीड्स हैदराबाद गेहूँ बजाज 330/पीएस-16 लाट नम्बर 30407829, मे. प्रकाश बीज भण्डार प्रो. रामपाल गुप्ता ग्राम पटपरा वि.ख. सीधी से जयकोड बायो सीड्स प्रा.लि. निजामपुरा रोड बडोदरा गुजरात सरसों जेडीएमएस-2 जीपीएस-20 लाट नम्बर 4918 एवं मे. द्विवेदी खाद बीज भण्डार प्रो. पूजादेवी द्विवेदी ग्राम जोगीपुर वि.ख. सीधी से ब्रसिंमा क्रॉप साइंस प्रा.लि. शंकरपल्ला तेलंगाना सरसों बीआर99एम जीपीएस-31 लाट नम्बर 11100445-24 से नमूने लिये गये थे जिन्हे बीज परीक्षण प्रयोग शाला रीवा भेजे गये थे। उक्त नमूनों के अमानक पाये जाने पर बीजों के भण्डारण, क्रय, विक्रय एवं परिवहन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि इसके साथ ही उक्त विक्रेता को अमानक बीज का भण्डारण एवं विक्रय करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

# नई चेतना 3.0 महिलाओं की खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए की गई गतिविधियां

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन तथा जिला जेंडर नोडल युवा सलाहकार हरी राम त्रिपाठी, वि.ख.नोडल सहायक जिला प्रबंधक प्रशांत मिश्रा के सहयोग से नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के तहत ग्राम पंचायत सोनवर्षा विकासखंड मझौली में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इस अभियान में रंगोली, जेंडर शपथ तथा रैली का आयोजन, बेटा-बेटी में भेद भाव को खत्म करने पर चर्चा, ग्राम पंचायत सरपंच सुमन रावत एवं ग्रामीणों के साथ अभियान की चर्चा की गई। साथ ही नई चेतना



अभियान के तहत संवाद एवं शपथ कार्यक्रम आजीविका मिशन कार्यालय म. प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त अजय कुमार सिंह, सहायक विकासखंड प्रबंधक भरत सोनी एवं अरुण गौतम की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

म. प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सहायक ब्लॉक प्रबंधक चंद्रकांत सिंह एवं भरत सोनी द्वारा बताया गया कि वास्तव में ये जेंडर अभियान पहल समाज में बहुत अच्छे बदलाव लाने का एक अवसर है जिससे हमारे समाज का एक अच्छा निर्माण भी हो रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के संदेश का प्रचार-प्रसार महिलाओं के बीच किया जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान समता समन्वयक लक्ष्मी कुशवाहा, समता सखी माया सिंह, शकुंतला कुशवाहा, सीता बाई सिंह, कमला सिंह, संतोषी मिश्रा एवं समूह सदस्यों द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर समाज के लिए हमें एक अच्छा कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ जिसका वे गर्व भी कर रही हैं। समूह से जुड़ी महिलाओं को नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के बारे में बताकर जागरूक करने एवं लोक अधिकार केंद्र तक महिलाओं की पहुंच बनाकर उनके हित लाभ के लिए अथक प्रयास हेतु गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां पर हिंसा से प्रभावित महिलाओं को तत्काल आपातकालीन प्रतिक्रिया और बचाव सेवाएं, चिकित्सा सहायता, प्राथमिकी दर्ज करने में महिलाओं की सहायता, मनोवैज्ञानिक या परामर्श सहायता, कानूनी सहायता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के साथ-साथ मुफ्त पुलिस और अदालती कार्यवाही के दौरान सहायता प्रदान की जाती है। जागरूकता गतिविधियों के तहत बाल विवाह पर रोक लगाए, बेटी-बेटा में भेदभाव न करने एवं हिंसा पर आवाज उठाने संबंधित आदि गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

# युवा संगम में 211 आवेदकों का हुआ प्रारंभिक चयन

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी जिला रोजगार कार्यालय सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आई.टी.आई. एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा दिनांक 17 दिसम्बर 2024 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय पुराना भवन सीधी के परिसर में एक दिवसीय ''युवा संगम'' संयुक्त रूप से (रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले) का आयोजन किया गया। मेले में देश, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की 08 कंपनियों ने भाग लिया। मेले में 293 युवक एवं युवतियों ने अपना पंजीयन



कराया एवं 211 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। साथ ही स्वरोजगार से संबंधित विभाग जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी, नगरपालिका सीधी, आर-सेटी सीधी, जनजातीय कार्य विभाग सीधी, उद्यानिकी सीधी एवं लीड बैंक सीधी ने अपने विभागो मे संचालित स्वरोजगार योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर आवेदकों को स्वरोजगार संबंधी सलाह दी।

## भतीजी के साथ दुष्कर्म के मामले की हुई शिकायत

**सीधी।** नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म करने के मामले को लेकर जन सुनवाई में शिकायत की गई है। जिसमें कि फरियादिया एवं उसकी मां द्वारा पूरे मामले की जानकारी दी गई है। फरियादिया के अनुसार उसके बड़े पिता रामकुमार सिंह गोंड़ द्वारा जबरन उसके साथ दुष्कर्म की बारदातें किए हैं। मामले की शिकायत भी थाने में की गई है लेकिन कोई पहल नहीं हुई। दुष्कर्म की बजाय छेडखानी का आरोप थाने में दर्ज कराया गया। यह घटना 16 अक्टूबर 2024 की बताई गई है। जहां पीड़िता के अनुसार मझौली थाना अंतर्गत घटना हुई है। जिसमें कि उसके बड़े पिता रामकुमार उसे जबरन खेत में ले गए एवं दुष्कर्म की वारदाते किए। पूरे मामले में उसके साथ जो वारदातें की गई घटना सुनने के बाद समाचार में तो हम उल्लेख नहीं कर सकते लेकिन बेहद निंदनीय मानी जा सकती है।

## लोकसभा स्तरीय किक्रेट टूर्नामेंट की तीसरे दिन पहली पारी मे नौढ़िया दूसरी पारी मे झारा बना विजेता

**सीधी।** धौहनी विधानसभा के नगर परिषद सरई के जवाहर बाग स्टेडियम मे आयोजित किया गया शिवगढ़ प्रीमियम लीग दवारा आयोजित लोकसभा स्तरीय टी-20 किक्रेट टूर्नामेंट सन 2024-25 आठवा सीजन का 15/12/2024 से शुरूआत किया गया जिसमे आज तीसरे दिन पहली पारी नौढ़िया और भवरखोह-सीधी के बीच हुआ जिसमे नौढ़िया टीम ने जीत दर्ज कराया वही दूसरी पारी मे गजराबहरा और झारा के बीच हुआ जिसमे झारा टीम विजय प्राप्त किया टी-20 किक्रेट टूर्नामेंट का तीसरे दिन शुरूआत कराया कर गया जिसमे मुख्य रूप सुनील जायसवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी महासंघ, महिपाल सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य व पार्षद प्रतिनिधि ,लालता प्रसाद पूर्व सांसद प्रत्याशी सीधी, इन्दकुमार उर्फ पुकूलाल, अशोक, राजकुमार, वीरू, विमल, अजय, जगजीवन समेत सैकड़ो दर्शक मौजूद रहे।



वही महिपाल सिंह ने खिलाड़ियों आयोजकों की सराहना करते हुए कहा ऐसे आयोजन न केवल खेल को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवाओं को अपनी क्षमता को पहचानने और निखारने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

# शिक्षक हरि विलास गुप्ता को डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिली

**सीधी।** हरिविलास गुप्ता हरि को साहित्यिक और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मैजिक और आर्ट यूनिवर्सिटी फरीदाबाद हरियाणा से आनारी डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की गई। ज्ञात हो कि हरिविलास गुप्ता पेसे से एक शिक्षक है लेकिन उनके द्वारा साहित्य के क्षेत्र में कई किताबें लिखी गई है जिससे समाज में उनके किताबों का बहुत असर हुआ है। कवि के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में आप समाज के लिए भी कई उत्कृष्ट कार्य करते रहे हैं जिसके लिए उन्हें डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया है। साथ ही प्रोफेसर अनिल सिंह और डॉ कमला पति गौतम को सर्वपल्ली राधाकृष्णन अवार्ड से सम्मानित किया गया था रंजना गौतम को डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की गई। इसके लिए उनके ईस्ट मित्रों ने बधाई प्रेषित की है जिनमें प्रमुख रूप से अभय राज योगी, ज्ञानेंद्र सिंह चौहान, धीरज सिंह चौहान, पंकज कुमार निगम, मनोज सिंह चौहान, शिवराज सिंह चौहान, विनय मिश्रा प्रांजल, दयाशंकर पांडेय, आशुतोष गुप्ता अधिवक्ता, हीरालाल सिंह चंदेल, सनत कुमार सिंह, अशोक सिंह, अर्जुन सिंह, सी.पी. सिंह, पी.एन. सिंह, सचिन गुप्ता, शिवम गुप्ता, प्रमोद मिश्रा एडवोकेट, जितेंद्र कुमार गुप्त, नंद कुमार गुप्त, अशोक कुमार गुप्त, धर्मेश कुमार गुप्त, कृष्ण कुमार गिरी, आदित्य पांडेय, अमरनाथ चतुर्वेदी, डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस, राजेश गुप्ता, भीमसेन त्रिपाठी, अंजनी सिंह सौरभ सहित सैकड़ो ईस्ट मित्रों ने बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## साक्ष्य प्रभावित करने का मामला पहुंचा लोकायुक्त, हो रही जांच

**सीधी।** जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश पाण्डेय के आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में वर्ष 2020 में लोकायुक्त टीम ने छापामार कार्यवाही कर काफी मात्रा में दस्तावेज जप्त किए थे। जिसकी विवेचना तेज हो गई है। लोकायुक्त के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामपुर नैकिन से पूर्व उपाध्यक्ष राकेश पाण्डेय एवं उनकी पत्नी जनपद सदस्य श्रीमती रमा पाण्डेय को मिले मानदेय एवं भत्ता की जानकारी मांगी है। इसके साथ ही तहसील कार्यालय रामपुर नैकिन से उनके अचल संपत्ति की जानकारी चाही गई है। उक्त मामले की भनक लगते ही आरोपी राकेश पाण्डेय साक्ष्य प्रभावित करने के लिए तहसील कार्यालय रामपुर नैकिन का प्रतिदिन चक्कर काट रहा है एवं लिपिकों व तहसीलदार के रीडर से संपर्क बनाकर लोकायुक्त द्वारा चाहे गए दस्तावेजों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने में जुटा हुआ है। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा ने बताया कि राकेश पाण्डेय ने जनपद सदस्य के अभ्यर्थी के रूप में जून 2022 में निर्वाचन अधिकारी को दिए शपथ पत्र में राकेश पाण्डेय द्वारा जो जानकारी प्रस्तुत की गई है वह आश्चर्यजनक है।

# नन्दलाल सिंह बने गौरक्षा दल के प्रदेश मीडिया प्रभारी

सीधी

भारतीय हिन्दू परिषद (अंतराष्ट्रीय संगठन) के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पवनेश जी महराज तथा प्रदेश अध्यक्ष सूर्य प्रकाश गुप्ता की सहमति से सीधी शहर के वरिष्ठ पत्रकार नन्दलाल सिंह को मध्यप्रदेश गौरक्षा दल के प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्ति किया गया है। नन्दलाल सिंह ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवनेश जी महराज व मध्यप्रदेश दल के प्रदेश अध्यक्ष सूर्य प्रकाश गुप्ता सहित संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय हिन्दू परिषद द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूरी कर्मठता व ईमानदारी के साथ निर्वाहन करने का प्रयास करूंगा



और भविष्य में मीडिया के माध्यम से संगठन की विचारधारा व कार्यशैली का प्रचार-प्रसार करने में अपना योगदान देता रहूंगा। नन्दलाल सिंह को प्रदेश मीडिया प्रभारी बनायें जाने पर जिले के प्रिन्ट व डिजिटल मीडिया के पत्रकारों में खुशी की लहर व्याप्त है साथ ही उनके शुभंचिंतको व मित्रों के द्वारा बधाई देने का तांता लगा हुआ है।


कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी(म0प्र0)

सम्राट चौराहा के पास,ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508

निविदा सू0क0 07/नि.प्र./व.ले.लि./का0य0/लो0स्वा0यां0वि0/24-25 सीधी दिनांक 11.12.2024

निम्न कार्यो हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26.12.2024 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 28.12.2024 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- Tender For Republic Day Program at PHE Division Sidhi District :- Sidhi

| S. N. | Tender ID | Block | Sidhi District | PAC(Rs. in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO.Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_387617_1 | सीधी | सीधी | 1.53 | 3060 | 2000 | First Call |

जी-20359/24

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी ( म.प्र. )

## संपादकीय

### खतरे की घंटी,मुद्रा भंडार में लगातार आ रही कमी

पिछले कुछ समय से विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है। बीते सितंबर में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डालर के अपने सार्वकालिक ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था, मगर उसके बाद से अब तक करीब अड़तालीस अरब डालर की कमी दर्ज की जा चुकी है। शुक्रवार को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 3.23 अरब डालर की कमी दर्ज की गई। अब वह 654.86 अरब डालर पर पहुंच गया है। इस सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार की सभी आस्तियों में गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले 15 नवंबर वाले हफ्ते में 1998 के बाद सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी। उस वक्त विदेशी मुद्रा भंडार 17.76 अरब डालर गिर कर 657.892 अरब डालर पर पहुंच गया था। इस तरह विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट की मुद्रा स्वाभाविक रूप से सरकार के लिए चिंता का विषय है।उधर, डालर के मुकाबले रुपए की कीमत भी लगातार गिर रही है। पिछले महीने रुपए की कीमत गिर कर 84.41 के अपने सार्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गई थी। विशेषज्ञों का कहना था कि रिजर्व बैंक रुपए की कीमत में गिरावट को रोकने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार से डालर निकाल कर बेच रहा होगा।विदेशी मुद्रा भंडार की मजबूती से न केवल आर्थिक संकट के समय सुरक्षा का भरोसा बना रहता है, बल्कि इससे अर्थव्यवस्था की बेहतरी का भी संकेत मिलता है। इसमें गिरावट की कई वजहें होती हैं। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी से जाहिर होता है कि विदेशी निवेशक अपना हाथ खींच रहे हैं। नवंबर के तीसरे हफ्ते में भारी गिरावट दर्ज हुई तो उसकी बड़ी वजह यही थी। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आते ही विदेशी निवेशकों ने अपने पैसे निकाल कर अमेरिका का रुख कर लिया।जाहिर है, इसका असर विकास परियोजनाओं पर पड़ता है। सरकार एक ओर तो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ने का दावा करती है, दूसरी ओर उसके विदेशी मुद्रा भंडार में छीजन दर्ज हो रही है। विशेषज्ञों का यह कयास निर्मूल नहीं है कि रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार से डालर बेच कर रुपए की गिरती कीमत को रोकने का प्रयास किया। इसके अलावा, विदेशी भंडार पर सबसे सबसे बुरा असर व्यापार घाटा बढ़ने की वजह से पड़ता है। छिपी बात नहीं है कि तमाम दावों के बावजूद निर्यात घटा और आयात बढ़ा है। इस अंतर को रोकने के लिए सरकार ने घरेलू उत्पाद को प्रश्रय देने का प्रयास किया, मगर उसका बहुत लाभ नजर नहीं आया।

**कोयला श्रमिकों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का गहराई से अध्ययन करने वाली नई रिपोर्ट से यह स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने आती है कि जस्ट ट्रांजिशन का किन समुदायों पर सबसे ज्यादा असर होगा और क्यों। जानकारों का कहना है कि अर्थव्यवस्था में विविधता लाना जस्ट ट्रांजिशन का जरूरी हिस्सा है, खास तौर पर उन राज्यों के लिए जो आय के लिए कोयले पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। जस्ट ट्रांजिशन पर आई एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि कोयले का इस्तेमाल खत्म करने से औपचारिक और अनौपचारिक कोयला श्रमिकों पर अलग-अलग असर होगा।**

# जस्ट ट्रांजिशन में सामाजिक बुनियादी ढांचे के साथ वैकल्पिक रोजगार पर हो फोकस

(सिमरिन शिरूर)

भारत में जीवाश्म ईंधनों का इस्तेमाल खत्म के लिए अभी भी 'जस्ट ट्रांजिशन' की प्रक्रिया पर विचार-विमर्श जारी है, जिसमें तीन लाख से ज्यादा स्थायी कर्मचारी हैं। वहीं अनौपचारिक रूप से और इससे जुड़े क्षेत्रों में हजारों कामगार काम करते हैं। कोयला श्रमिकों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का गहराई से अध्ययन करने वाली नई रिपोर्ट से यह स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने आती है कि जस्ट ट्रांजिशन का किन समुदायों पर सबसे ज्यादा असर होगा और क्यों। जानकारों का कहना है कि अर्थव्यवस्था में विविधता लाना जस्ट ट्रांजिशन का जरूरी हिस्सा है, खास तौर पर उन राज्यों के लिए जो आय के लिए कोयले पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। जस्ट ट्रांजिशन पर आई एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि कोयले का इस्तेमाल खत्म करने से औपचारिक और अनौपचारिक कोयला श्रमिकों पर अलग-अलग असर होगा। लेकिन, इस उद्योग में अनौपचारिक तौर पर जुड़े कामगारों को ज्यादा चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि इनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति खराब है और ये कामगार पर्याप्त शिक्षित भी नहीं हैं। भारत में जीवाश्म ईंधनों से दूर जाने के लिए अभी भी 'जस्ट ट्रांजिशन' की प्रक्रिया पर विचार-विमर्श जारी है, जिसमें कोयला खदानों में तीन लाख से ज्यादा स्थायी कर्मचारी हैं। वहीं अनौपचारिक रूप से और इससे जुड़े क्षेत्रों में हजारों कामगार काम करते हैं। जस्ट ट्रांजिशन के बेहतरीन तरीकों पर 2023 के एक दस्तावेज में कहा गया है कि भारत में यह बदलाव तीन मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा- खदानों को बंद करने की व्यापक योजना तैयार करना, लोगों और समुदायों पर ध्यान केंद्रित करना (आजीविका और टिकाऊ सामाजिक बुनियादी ढांचे का निर्माण पक्का करना) और खदानों के बंद होने के बाद पर्यावरण को बेहतर करना। कोयला श्रमिकों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का विश्लेषण करने वाली नेशनल फाउंडेशन ऑफ इंडिया (एनएफआई) की नई रिपोर्ट से यह स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने आती है कि जस्ट ट्रांजिशन का सबसे ज्यादा असर किन समुदायों पर होगा और क्यों। रिपोर्ट में उन हालातों पर विस्तार से नजर डाली गई है, जिनमें कोयला और उससे जुड़े क्षेत्रों में औपचारिक और अनौपचारिक श्रमिक काम करते हैं। एनएफआई की शोध सहयोगी और रिपोर्ट की सह-लेखिका पूजा गुप्ता ने कहा, यह कहना पर्याप्त नहीं है कि इन लोगों को स्वास्थ्य, सामाजिक और सड़क के बुनियादी ढांचे को ध्यान में रखे बिना वैकल्पिक नौकरियां दी जाएं। इन चीजों के बिना बदलाव अधूरा रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोयला श्रमिकों की बड़ी संख्या हाशिए पर पड़ी जातियों और समूहों से है, जो अशिक्षित हैं और उनके पास खेती योग्य जमीन नहीं है, इससे उन्हें कुशल श्रमिक बनाने का काम बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कोयला क्षेत्र में अनौपचारिक तौर पर काम करने वाले मजदूरों का अशिक्षा और किसी खास जाति से गहरा नाता है। कोयला क्षेत्र में अनौपचारिक तौर पर काम करने वाले मजदूरों का अशिक्षा और किसी खास जाति से गहरा नाता है।

**कोयले की छिपी हुई लागत** - एनएफआई के शोधकर्ताओं ने फोकस समूहों के साथ 20 चर्चाएं आयोजित कीं और तीन राज्यों - ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ में 1,209 परिवारों का सर्वेक्षण किया। अध्ययन के लिए हर राज्य से दो जिले चुने गए। एक जो पूरी तरह या ज्यादातर कोयले पर निर्भर (खनन) था और दूसरा जो कोयले पर निर्भर और कोयले से जुड़ा हुआ (जैसे, ताप बिजलीघर के साथ खनन) दोनों था। अध्ययन में पाया गया कि कोयला क्षेत्र के साथ अनौपचारिक जुड़ाव का खराब शैक्षणिक पृष्ठभूमि और जाति से गहरा संबंध है। झारखंड के रामगढ़ जिले में सवालों के जवाब देने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के 77 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उनके पास या तो कोई औपचारिक शिक्षा नहीं है या उन्होंने सिर्फ प्राथमिक शिक्षा ही हासिल की है। झारखंड के ही धनबाद में जवाब देने वाले 57.5प्रतिशत लोगों ने यही बात कही और छत्तीसगढ़ के कोरिया में यह अनुपात 52प्रतिशत था। रिपोर्ट में कहा गया है, स्वच्छ ऊर्जा की तरफ आगे बढ़ने में संसाधनों और अवसरों तक पहुंच के मामले में जाति-आधारित गैर-बराबरी मुख्य मुद्दे हैं। कोयला-उत्पादक क्षेत्रों में जहां ज्यादातर काम हाशिए पर पड़े समुदायों द्वारा किया जाता है, वहां शिक्षा और आजीविका के अवसर कम हैं। सर्वेक्षण में पाया गया कि फोकस समूह से जुड़ी सभी 20 चर्चाओं में जवाब देने वाले करीब 65प्रतिशत लोगों ने त्वचा संबंधी समस्याओं, जैसे डर्मेटाइटिस, एक्जिमा और फंगल संक्रमण और स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च की बात कही। दिलचस्प बात यह है कि ओडिशा के आंगुल जैसे ज्यादा विविधतापूर्ण उद्योगों वाले जिलों में कामगारों ने महीने में ज्यादा कमाई होने की जानकारी दी। गुप्ता ने कहा, कोयला और कोयला से जुड़े क्षेत्रों में काम करने वाले आंगुल के ज्यादातर कर्मचारी स्थानीय नौकरियों में थे। अगर औपचारिक रोजगार है, तो बदलाव आसान होने की संभावना है, क्योंकि इन कामगारों की गणना करना और उनके लिए योजना बनाना आसान है। लेकिन, इसका मतलब यह भी है कि उनके पास ज्यादा स्थिर आय और बचत और खर्च करने के ज्यादा साधन हैं। आर्थिक गतिविधियों में शुरुआती विविधता जस्ट ट्रांजिशन का अहम हिस्सा है, खास तौर पर झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के लिए, जहां राजस्व और आय के लिए कोयले पर बहुत ज्यादा निर्भरता है। आर्थिक गतिविधियों में शुरुआती विविधता जस्ट ट्रांजिशन का अहम हिस्सा है, खास तौर पर झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के लिए, जहां राजस्व और आय के लिए कोयले पर बहुत ज्यादा निर्भरता है। जानकारों का कहना है कि आर्थिक गतिविधियों में शुरुआती विविधता जस्ट ट्रांजिशन का अहम हिस्सा है। ऐसा खास तौर पर झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के लिए जरूरी है जहां राजस्व और आय के लिए कोयले पर निर्भरता बहुत ज्यादा है। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) की हालिया पॉलिसी ब्रीफिंग में पाया गया कि झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में से ओडिशा की अपने राजस्व के लिए कोयले पर निर्भरता सबसे कम (3प्रतिशत) है। यह तथ्य दिखाता है कि इस राज्य की अर्थव्यवस्था ज्यादा विविध है, जो अन्य दो राज्यों की तुलना में इसके लिए अच्छा संकेत है। झारखंड के राजस्व में कोयले का योगदान 13प्रतिशत और छत्तीसगढ़ के राजस्व में 8प्रतिशत है। एनएफआई के अध्ययन में पाया गया कि आर्थिक विविधता के बिना, श्रमिकों के पास आजीविका के लिए कोई अन्य विकल्प नहीं था। सबसे आम दूसरा काम खेती है, लेकिन कोयले पर बहुत ज्यादा निर्भर धनबाद जैसे जिलों में पर्यावरण की नाजुक हालत और पारिस्थितिकी ने इस तरीके को अस्थिर बना दिया है। एनएफआई अध्ययन में यह भी पाया गया कि ये जिले महिलाओं के लिए असुरक्षित थे। जवाब देने वाले तीन-चौथाई लोगों ने महिलाओं के लिए असुरक्षित या दुश्मनी वाले माहौल की जानकारी दी। खनन क्षेत्रों में महिलाओं का योगदान और मौजूदगी काफी हद तक दिखाई नहीं देने वाली रही है। शोधकर्ता सुरवी नायक ने पिछले साल मोंगाबे इंडिया को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि खनन यूनियनों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व नहीं है, जिससे वे अपने हित में मुद्दे नहीं उठा पाती हैं। गुप्ता ने कहा, इन क्षेत्रों में महिलाएं पहले से ही भावनात्मक, यौन और मौखिक दुर्व्यवहार का सामना कर रही हैं। अगर उनके पति अपनी नौकरी खो देते हैं, तो इसका खामियाजा महिलाओं को भुगतना पड़ेगा। लैंगिक नजरिए के बिना जस्ट ट्रांजिशन नीति तैयार नहीं की जा सकती है और इन महिलाओं को किस तरह मदद दी जाएगी, यह सरकारों के लिए विचार का अहम पहलू है।

**श्रमिकों के लिए मदद बढ़ाना**- एनएफआई की रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है कि श्रमिकों की गिनती की जाए, ताकि यह पता चल सके कि कौन-से श्रमिक प्रभावित होंगे, प्रशिक्षण और कौशल कार्यक्रमों के लिए योग्यता मानदंड को आसान बनाया जाए और पलायन को रोकने के लिए न्यूनतम मजदूरी का भुगतान पक्का किया जाए। इसमें कोयला खनन क्षेत्रों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) जैसे अवसरों को लाने का भी सुझाव दिया गया है, ताकि श्रमिक आय के लिए अन्य गतिविधियों पर निर्भर हो सकें। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलहाल कोयला क्षेत्रों में मनरेगा पर पाबंदी है। सड़कों जैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच को बेहतर करने से राज्यों को आर्थिक रूप से विविधता बढ़ाने में भी मदद मिल सकती है। सड़कों जैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच को बेहतर करने से राज्यों को आर्थिक रूप से विविधता बढ़ाने में भी मदद मिल सकती है। आईईईएफए का कहना है कि सड़कों जैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच को बेहतर करने से राज्यों को आर्थिक रूप से विविधता लाने में भी मदद मिल सकती है। आईईईएफए के पॉलिसी ब्रीफ में कहा गया है, सड़कों और संचार प्रणालियों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास से बाजार और डिजिटल कनेक्टिविटी में सुधार होता है। कोयले पर निर्भर क्षेत्रों के आर्थिक विविधीकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए उभरते उत्पादक क्षेत्रों में निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए यह अहम है।

# ईंधन की जरूरत पूरी करेगी परमाणु ऊर्जा

केदार भार्गव

भारत सरकार के उपक्रम परमाणु ऊर्जा निगम ने मध्यप्रदेश में चार नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की मंजूरी दी है। जल्दी ही ये संयंत्र नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी में लगेंगे। सब कुछ सही रहा तो जल्दी ही इन परियोजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। इन संयंत्रों के शुरू हो जाने पर 1200 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली पैदा होगी। भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता पिछले 10 साल में करीब दोगुनी हो चुकी है। 2031 तक इसके तीन गुना होने की उम्मीद है।

भारत की जिस तेजी से आबादी और अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, उसके प्रबंधन और सुचारू सुविधा के लिए शहरीकरण के साथ ऊर्जा की उपलब्धता आवश्यक है। इसी नजरिये से परमाणु ऊर्जा का उत्सर्जन बढ़ाने की दिशा में तेजी से प्रगति हो रही है। विद्युत की कमी पूरी हो और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी न हो, इसके लिए परमाणु ऊर्जा उपयुक्त मानी जाती है। एक बार यदि कोई परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो जाता है तो लंबे समय तक ऊर्जा की आपूर्ति बनी रहती है। ताप विद्युत परियोजनाओं में कोयला जलाया जाता है। इस कारण बड़ी मात्रा में वायु प्रदूषित होती है। जो अनेक बीमारियों का कारण बनती है। ऐसा अनुमान है कि दुनिया में एक साल में करीब 15 लाख मौतें वायु प्रदूषण से होती हैं। अतएव जीवाश्म ईंधन से बिजली पैदा करना मानव आबादी को बीमार बनाए रखना है। जबकि परमाणु ऊर्जा से पैदा बिजली कार्बन मुक्त होने के साथ सस्ती भी होती है। भारत में कुल ऊर्जा के उत्पादन में 80 प्रतिशत बिजली केवल जीवाश्म ईंधन के रूप में कोयला को ताप विद्युत घरों में जलाने से प्राप्त होती है। हालांकि देश में पानी, सौर्य और वायु ऊर्जा भी बड़ी मात्रा में उपलब्ध होने लगी है। जीवाश्म ईंधन के ये बड़े विकल्प बनकर सामने आए है। लेकिन सौर्य और पवन ऊर्जा के उत्सर्जन में मौसम की बड़ी भूमिका रहती है। अतएव तेज हवाएं नहीं चलने पर पवन ऊर्जा का निर्माण धीमा पड़ जाता है। इसी तरह बारिश और ठंड के मौसम में सूरज का ताप मंदा हो जाने से सौर्य ऊर्जा का उत्पादन कम हो जाता है। परमाणु ऊर्जा के लिए थोरियम की उपलब्धता जरूरी है। ये अच्छी बात है कि भारत में थोरियम केरल और बिहार में बड़ी मात्रा में उपलब्ध है। थोरियम धातु को वायु में गरम करने पर इससे चिंगारियां फूटती हैं, जो ऊर्जायुक्त होती हैं। भारत में भविष्य के ईंधन के रूप में थोरियम को परमाणु ऊर्जा में बदलने के



उपायों पर काम तेजी से चल रहा है। देश में फिलहाल 8 परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में 23 परमाणु रिएक्टर चालू हैं।

परमाणु ऊर्जा को बढ़ाने की दृष्टि से 2024-25 के आम बजट में लघु परमाणु संयंत्रों के लिए सरकार ने बड़े बजट का प्रावधान किया है। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में यह नया प्रयोग है। पहली बार निजी कंपनियों को लघु परमाणु संयंत्र समूचे देष में स्थापित करने का अवसर दिया गया है। साथ ही मॉड्यूलर (प्रतिरूपक) रिएक्टर के आधुनिकीकरण के लिए शोध और विकास पर भी धनराशि खर्च की जाएगी। जिससे परमाणु ऊर्जा में नई प्रौद्योगिकी का विकास हो। इसे पीपीपी मॉडल पर क्रियान्वित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश में स्वच्छ एवं वैकल्पिक बिजली को बढ़ावा देना है। साथ ही प्रधानमंत्री सूर्य घर निःशुल्क बिजली योजना के तहत छतों पर जो सौर संयंत्र लगाए जा रहे हैं, इन पर भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली छूट जारी रहेगी। अभी तक इस योजना के लाभ के लिए 1.28 करोड़ परिवार पंजीयन करा चुके हैं और 14 लाख आवेदन विचाराधीन हैं। इस योजना से 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) उन्नत परमाणु संयंत्र माने जाते हैं। इनकी बिजली उत्पादन क्षमता 300 मेगावाट प्रति इकाई है, जो पारंपरिक परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की बिजली उत्पादन क्षमता की तुलना में एक तिहाई है। ये संयंत्र न्यूनतम कार्बन बिजली का उत्पादन करते हैं।

विकसित भारत के लिए ऊर्जा की उपलब्धता एक बड़ी जरूरत है। इसलिए सरकार सिर्फ पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर नहीं रहना चाहती है। इसीलिए सौर और पवन ऊर्जा पर सरकार पहले ही काफी कुछ कर चुकी है। अतएव अब फोकस परमाणु ऊर्जा पर है। क्योंकि इसमें संभावनाएं अधिक है। लेकिन परमाणु ऊर्जा उत्पादन में सुरक्षा के सवाल आड़े आते रहे हैं। ऊर्जा सुरक्षा को सरकार सचेत है। ऊर्जा बदलाव के संबंध में एक नीतिगत उपाय किए जा रहे है। इनसे तय होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में किस तरह से पारंपरिक ऊर्जा की जगह धीरे-धीरे अपारंपरिक ऊर्जा के स्रोत का महत्व बढ़ रहा है। इस नीतिगत उपाय के तहत रोजगार, विकास और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों का भी समाधान होगा। अतएव इसी परिप्रेक्ष्य में निकेल, कोबाल्ट, तांबा और लिथियम जैसी धातुओं के उत्पादों के आयात पर षुल्क क्रमशः घटाया जा रहा है। इन उत्पादों का प्रयोग परमाणु और सौर ऊर्जा के साथ दूसरे ऊर्जा उत्सर्जन उपायों में भी होता है। आयात सस्ता होने से इनका निर्माण भारत में करने में आसानी होगी। यही नहीं परमाणु ऊर्जा, नवीनीकरण ऊर्जा और अंतरिक्ष एवं रक्षा क्षेत्रों में इस्तेमाल होने वाली 25 धातुओं पर सीमा शुल्क को पूरी तरह खत्म कर दिया है। हाल ही के वर्षों में कुछ देशों ने छोटे परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में सफलता मिली है। इसी का अनुकरण भारत कर रहा है।

भारत में एक ओर अर्से से अटकी परमाणु बिजली परियोजनाओं में विद्युत का उत्पादन शुरू हो रहा है, वहीं निजी निवेश से परमाणु ऊर्जा बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सूरत जिले के तापी काकरापार में 22,500 करोड़ रुपए की लागत से बने 700-700 मेगावाट बिजली उत्पादन के दो परमाणु ऊर्जा संयंत्र 22 फरवरी 2024 को राष्ट्र को समर्पित कर दिए हैं। ये देश के पहले स्वदेषी परमाणु ऊर्जा संयंत्र हैं। ये उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से युक्त हैं। ये संयंत्र प्रतिवर्ष लगभग 10.4 अरब यूनिट स्वच्छ बिजली का उत्पादन करेंगे। जो गुजरात में बिजली की आपूर्ति के साथ अन्य प्रांतों को भी बिजली देंगे। ये संयंत्र शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ने की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होंगे।

दूसरी तरफ भारत सरकार ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी कंपनियों से 26 अरब डॉलर का निवेश आमंत्रित किया है। यह पहल ऐसे स्रोतों से बिजली बनाने की मात्रा बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है, जो वायुमंडल में प्रदूषण और तापमान बढ़ाने वाले कार्बनडाइ ऑक्साइड का उत्सर्जन नहीं करते हैं। यह पहली बार है जब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सरकार निजी कंपनियों से पूंजी निवेश की मांग कर रही है। फिलहाल भारत में परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन की तुलना में महज दो प्रतिशत भी नहीं है। यदि यह निवेश बढ़ता है तो 2030 तक अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन के उपयोग से प्राप्त लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

## वर्ग पहेली 5585

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | | |
| 7 | 8 | | ■ | | ■ | 9 | |
| ■ | | ■ | 10 | | 11 | | ■ |
| 12 | | 13 | | ■ | | ■ | 14 |
| | ■ | 15 | | | | ■ | |
| 16 | | | | ■ | ■ | 17 | |
| | ■ | 18 | | ■ | 19 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत के इस राज्य की सीमा एक ओर चीन से तथा दूसरी ओर पाकिस्तान से मिलती है (5)
4. साथ, सोहबत, संपर्क, मिलन (2)
6. भारतीय संगीत शास्त्र का आरंभ इस वेद इसमें कुल 1810 ऋचाएं थी (4)
7. फोटो, चित्र (3)
9. दहलीज, भाव, मूल्य, निर्ख (2)
10. उदास, रोगग्रस्त, अप्रसन्न (4)
12. वैमनस्य, खटपट, ठनाठनी (4)
15. ये मिथिलेश के नाती थे (4)
16. सप्ताह के दिनों में से एक (4)
17. मां की बहिन के पति का मालवी में यह कहते है (2)
18. झुककर प्रणाम करता हुआ (3)
19. हुक्म की तामील करना, आदेश मानने का भाव (3)

**ऊपर से नीचे**

1. अभिनेता अमजद खान के अभिनेता पिता (निधन 2 जून 1975) पुराणानुसार इंद्र और शची का एक पुत्र उपेंद्र का यह नाम था (3)
2. कटि, लपेट (3)
3. केमिकल, कमियागरी, रासायनिकी (4)
4. मनोवेग, स्पर्श, अनुभूति, सहभावना (4)
5. असफल विद्रोह, बगावत (3)
8. नार्डिक देशों में सबसे बड़ा देश जिसकी राजधानी स्टॉकहोम है (3)
10. अविराम, बिना रूके, लगातार (5)
11. भारत में पहली टेलिफिल्म के निर्देशक, भगवान शिव का एक नाम (3)
12. रंज, मलाल (4)
13. शक्तिशाली, ताकतवर (4)
14. निर्जन, वीराना, एकांत (4)
17. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु भोजन (2)

### वर्ग पहेली 5584 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | य | त | ना | म | ■ | घा | त |
| पा | ■ | ला | ल | च | दे | ना | ■ |
| शा | बा | श | ■ | च | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ना | ■ | स | ह | ज |
| बा | ■ | ■ | गा | ■ | रि | वा | ज |
| धा | व | क | ■ | ■ | ता | म | ■ |
| ही | न | ता | ■ | स | ■ | ह | ■ |
| न | ■ | र | की | ब | ■ | ल | क्ष |

# छोटी स्क्रीन का मकड़जाल

(अक्षय शुक्ला)

मेट्रो से उतरकर आगे बढ़ा तो कोचिंग सेंटर के बाहर बैठे कुछ स्टूडेंट्स पर नज़र पड़ी। धूप सेंक रहे ये सारे छात्र आपस में बात करने के बजाय अपने मोबाइल में डूबे हुए थे। कुछ दिन पहले एक फैमिली फंक्शन में भी देखा कि वहां जितने भी 14-15 साल के टीनेजर्स थे, सब फोन पर चैट करने या रील देखने में बिज़ी थे। जो छोटे बच्चे आपस में खेल कर थक चुके थे, उन्हें बिज़ी रखने के लिए उनकी मम्मियों ने स्मार्टफोन थमा दिया, ताकि वे डिस्टर्ब न करें। कुछ ने इसलिए फोन पकड़ाया कि उसे देखते हुए बच्चा कुछ खा तो ले।

हमारे बच्चों को मोबाइल फोन की लत हद से ज्यादा लग चुकी है और इसके लिए हम ही ज़िम्मेदार हैं। बचपन में रोते बच्चे को चुप कराने के लिए हम उसके हाथ में जो फोन पकड़ाते हैं, वह फिर जीवनभर नहीं छूटता। फोन से ज़रा भी दूरी उन्हें गुस्सैल, चिड़चिड़ा और बीमार बना रही है। कई ऐसे मामले भी आए हैं, जब फोन न मिलने पर या ज़बरदस्ती छीन लेने पर आवेश में बच्चे ने घातक कदम उठा लिया। बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन होना, मतलब हर तरह के कंटेंट तक उनकी सीधी पहुंच, जो उनकी मेंटल हेल्थ पर सीधा असर डाल रहा है।

विश्वव्यापी बन चुकी इस समस्या से निपटने के लिए अब कई देश सोशल मीडिया से बच्चों को दूर रखने के लिए कदम उठाने लगे हैं। ऑस्ट्रेलिया ऐसा पहला देश बन गया, जिसने पिछले महीने संसद में कानून पास कर 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन कर दिया। यानी ये बच्चे अब इंस्टाग्राम, स्नैपचैट या टिकटॉक जैसे प्लैटफॉर्म पर अपना अकाउंट नहीं खोल पाएंगे।

इससे संबंधित नियम बनाने के लिए इन कंपनियों को साल भर का वक्त दिया गया है। कानून लाने का मकसद है कि बच्चे अपना फोन छोड़ें और क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस जैसे आउटडोर गेम्स में अपनी ऊर्जा लगाएं।

ऑस्ट्रेलिया की तरह ब्रिटेन भी ऐसा ही कुछ करने पर विचार कर रहा है। कुछ अमेरिकी राज्यों और फ्रांस ने तो नियम बना भी दिए हैं कि अभिभावकों की मंज़ूरी के बिना बच्चे लॉगइन नहीं कर पाएंगे। डीपफेक, डिटिजल अरेस्ट जैसे सायबर फ्रॉड जिस तेज़ी से देश में बढ़ते जा रहे हैं, उसे देखते हुए हमारे यहां भी सरकार सोशल मीडिया कंपनियों के लिए एडवाइज़री जारी कर चुकी है कि वे फर्ज़ी जानकारी पर रोक लगाएं।

सवाल यह है कि क्या कानून या नियम बनाने भर से समस्या दूर हो जाएगी। एक्सपर्ट्स का मानना है कि रोक के बावजूद टीनेजर्स को सोशल मीडिया से दूर रखना आसान नहीं होगा। इसके बजाय उन्हें इन प्लैटफॉर्म्स का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने के बारे में शिक्षित करने पर ज़ोर देना चाहिए। आज साइबर ठगों का जाल हर तरफ फैला है, जो बच्चों को गलत तरीके से फंसा सकते हैं। ऐसे कई केस आ चुके हैं, जब पैरेंट्स के मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलते वक्त बच्चे की गलती से खाते से पैसा निकल जाता है। साइबर बुलिंग के भी कई मामले आ चुके हैं। इसलिए ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूक करने के साथ ही एंश्योर करें कि उनमें अच्छे बुरे की समझ हो।

सबसे अहम बात कि बच्चों से फोन छोड़ने की उम्मीद रखते हैं तो पहले खुद उसका मोह छोड़ें। उनके साथ वक्त बिताएं, उनकी रुचि के विषयों पर बात करें। उन्हें सुनेंगे तो वे भी आपकी बात मानेंगे। फिर शायद किसी नियम कायदे की ज़रूरत ही न पड़े। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन सफलता से भरा होगा। ऑफिस में आपके प्रदर्शन को देखकर कुछ लोगों का मूड खराब हो सकता है। आपसे कुछ लोगों को चिढ़ हो सकती है। दिन परोपकार में व्यतीत होगा और आपको दूसरों की मदद करने से खुशी होगी। आप अपने अच्छे व्यवहार से माहौल को काफी खुशनुमा बना देंगे।

### वृष

आज दिन सफलता से भरा होगा और परिजनों के साथ आपका अच्छा वक्त बीतेगा। आपको कहीं से कोई दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। ऐसा कोई काम न करें कि आपकी सेहत को नुकसान हो।

### तुला

आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं और आपके लिए आय के नए स्रोत बन रहे हैं और आपके सम्मान में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आपको वाक्पटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

### वृश्चिक

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होने से आपकी तरक्की होगी। आपके धन सम्मान और यश कीर्ति में वृद्धि होगी। आपका रुका कार्य पूर्ण होगा और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपको वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

### मिथुन

आज दिन शुभ है और आपको पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की तरफ से कोई शुभ समाचार की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी और व्यर्थ व्यय से बचें।

### कर्क

आज लाभ होगा और आपको अचानक से बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से खुशी का अनुभव होगा। आपके कोष में वृद्धि होगी और कारोबार में योजनाएं सफल होंगी। कोष की स्थिति बेहतर होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### धनु

आज करियर के मामले में लाभ होगा और गृहोपयोगी वस्तुओं पर आपका धन काफी खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपकी तरक्की होगी। आपको अधीनस्थ कर्मचारी या किसी सम्बन्धी के कारण तनाव मिल सकता है।

### मकर

आज करियर के मामले में दिन शुभ है। आपके मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। आपके व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। शाम को आपके लिए धार्मिक यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।

### सिंह

आज दिन शुभ है और आपको हर कार्य में आशातीत सफलता प्राप्त होगी और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। संतान के प्रति आपके दायित्व की पूर्ति होगी और आप काफी तरक्की करेंगे। रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा। पाचन क्रिया मंद होने से आपको नुकसान हो सकता है।

### कन्या

आज दिन सफलता से भरा रहेगा और आपका भाग्य साथ दे रहा है। आपको वृद्धजनों की सेवा और पुण्य कार्य पर धन व्यय करने से खुशी होगी। आपके सभी जरूरी कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण होंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी।

### कुंभ

आज दिन काफी खर्च वाला रहेगा। आपको फालतू खर्च काफी करना पड़ सकता है। भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के समय स्थिति में सुधार होगा। पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा।

### मीन

आज जीवन आनन्ददायक बीतेगा। आपको किसी मामले में पास और दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। शाम के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्टः



# इंडिया ने फॉलोऑन बचाया पहली पारी में स्कोर 252/9

**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप ने नाबाद 39 रनों की साझेदारी करके इंडिया को फॉलोऑन से बचाया। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में खुद को फॉलोऑन खेलने से बचा लिया है। द गाबा स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में भारतीय टीम 193 रन से पीछे है।

मंगलवार को मुकाबले के चौथे दिन स्टंप्स तक इंडिया ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिए हैं। आकाश दीप 27 और जसप्रीत बुमराह 10 रन पर नाबाद लौटे। एक समय टीम ने 213 रन पर 9वां विकेट गंवा दिया था।

रवींद्र जडेजा 77 रन बनाकर आउट हुए। यहां से भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए 33 रनों की जरूरत थी। ऐसे में आकाश दीप और जसप्रीत बुमराह ने संयम से बल्लेबाजी की। भारतीय टीम ने 51/4 के स्कोर से दिन की शुरुआत की। केएल राहुल ने 33 रन से पारी को आगे बढ़ाया और 84 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने 4 विकेट झटके, जबकि मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले।

एक-एक विकेट नाथन लॉयन और जोश हेजलवुड को मिले। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए। टीम इंडिया ने शनिवार को टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी थी।



## सीनियर बैडमिंटन नेशनल्स 18 दिसंबर से बेंगलुरु में

**बेंगलुरु, एजेंसी।** एक रोमांचक घरेलू सत्र, जिसमें युवा चुनौती देने वाले उभरे और कुछ अनुभवी खिलाड़ियों ने किस्मत आजमाई, का समापन 77वीं इंटर-जोनल और 86वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के साथ होगा, जो 18-24 दिसंबर तक बेंगलुरु में कर्नाटक बैडमिंटन एसोसिएशन कोर्ट में खेली जाएगी। चैंपियनशिप की शुरुआत इंटर-जोनल टीम स्पर्धाओं से होगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धा 20 दिसंबर से शुरू होगी। इसमें मौजूदा पुरुष एकल चैंपियन चिराग सेन और महिला एकल विजेता अनमोल खरब बेहद प्रतिस्पर्धी मैदान के बावजूद अपने-अपने खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।

भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, सीनियर नेशनल चैंपियनशिप घरेलू सर्किट का शिखर है और हमारे घरेलू सर्किट में प्रतिस्पर्धा के बढ़े हुए स्तर को देखते हुए, बेंगलुरु में बैडमिंटन प्रशंसकों को अगले सात दिनों में उच्च गुणवत्ता वाले मैच देखने को मिलेंगे और हम युवा खिलाड़ियों के बीच से कुछ नए सितारों के उभरने का इंतजार कर रहे हैं जो अपने स्थापित साथियों को चुनौती देंगे। यह साल का अंतिम बाई टूर्नामेंट होगा, इसका मतलब है कि हमारा कैलेंडर बीडब्ल्यूएफ कैलेंडर के साथ संरेखित है।

पिछले कुछ वर्षों में सीनियर नेशनल कितने प्रतिस्पर्धी रहे हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2006-07 में चेतन आनंद द्वारा यह उपलब्धि हासिल करने के बाद से कोई भी पुरुष एकल खिलाड़ी खिताब बरकरार नहीं रख पाया है और साइना नेहवाल (2006-07 और 2017-18) इसी अवधि के दौरान लगातार खिताब जीतने वाली एकमात्र महिला एकल खिलाड़ी हैं।

टीम स्पर्धाओं में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, क्योंकि मौजूदा पुरुष और महिला चैंपियन, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और महाराष्ट्र, क्षेत्रीय स्तर पर बाहर होने के बाद इस साल अंतर-क्षेत्रीय चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहे।

व्यक्तिगत स्पर्धा में, सेन को दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु राजावत, दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी किरण जॉर्ज, पिछले संस्करण के फाइनलिस्ट एम. थारुन और बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रणय शेट्टीगर की अगुआई वाली युवा ब्रिगेड से कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। महिला वर्ग में, पिछले संस्करण की फाइनलिस्ट तन्वी शर्मा, अनुभवी मालविका बंसोड़, आकर्षि कश्यप, उन्नति हुड्डा, पूर्व चैंपियन अनुपमा उपाध्याय और उभरती हुई रक्षिता श्री अनमोल के लिए कड़ी चुनौती पेश कर सकती हैं।

मिश्रित युगल चैंपियन ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो, और महिला युगल में श्रुति मिश्रा और प्रिया देवी कोंजेंगबाम भी अपने खिताब का बचाव करना चाहेंगे। सदी की शुरुआत के बाद से यह तीसरी बार है जब बेंगलुरु सीनियर नेशनल्स की मेजबानी कर रहा है और इस चैंपियनशिप में कुल 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि होगी, जिसमें टीम चैंपियनशिप के लिए 10 लाख रुपये शामिल हैं।

टीम चैंपियनशिप और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए संबंधित स्पर्धाओं की पूर्व संध्या पर लाइव ड्रॉ निकाला जाएगा।

टेबल टेनिसः

## मनिका की टीम एशिया बनी वाल्डनर कप चैंपियन, टीम वर्ल्ड को 14-0 से हराया



**ओस्लो, एजेंसी।** टीम एशिया ने रविवार को टीम वर्ल्ड को 14-0 से हराया। टीम वर्ल्ड में ट्रुल्स मोरेगार्ड, दिमित्रिज ओवत्चारोव, ह्यूगो काल्डेरानो, एड्रियाना डियाज़ और बर्नाडेट स्जोक्स जैसे खिलाड़ी थे। भारत की टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा सितारों से सजी 'टीम एशिया' का हिस्सा थीं जिसने वाल्डनर कप के पहले आयोजन में 'टीम वर्ल्ड' को हराया। टीम एशिया में मनिका के अलावा टेबल टेनिस के दिग्गज चीन के मा लोंग, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन मेंग, दक्षिण कोरिया के शिन युबिन और कजाकिस्तान के किरिल गेरासिमेंको शामिल थे। टीम एशिया ने रविवार को टीम वर्ल्ड को 14-0 से हराया। टीम वर्ल्ड में ट्रुल्स मोरेगार्ड, दिमित्रिज ओवत्चारोव, ह्यूगो काल्डेरानो, एड्रियाना डियाज़ और बर्नाडेट स्जोक्स जैसे खिलाड़ी थे। स्वीडन के महान खिलाड़ी जान-ओवे वाल्डनर ने टेबल टेनिस को शीर्ष वैश्विक खेल बनाने के उद्देश्य से इस टूर्नामेंट की स्थापना की है।



महान क्रिकेटर की भविष्यवाणी से सब हैरान

# कोहली के करियर का अंत करीब!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली के लिए साल 2024 लगभग हर दृष्टि से बहुत खराब रहा है. अब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनकी बेकार बैटिंग के बीच महान क्रिकेटर एलन बॉर्डर ने कोहली को लेकर चिंता प्रकट की है. बता दें कि कोहली ब्रिसबेन टेस्ट में ऑफ स्टंप के बहुत बाहर की गेंद को खेलकर आउट हुए थे. एलन बॉर्डर अनुसार कोहली अब उन गेंदों को खेलने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें वो आमतौर पर खाली जाने देते हैं. इस ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने कहा कि कोहली या तो मानसिक रूप से स्वस्थ महसूस नहीं कर रहे हैं या फिर उनका करियर अंतिम पड़ाव पर आ पहुंचा है. एक ऑस्ट्रेलियाई मीडिया चैनल अनुसार एलन बॉर्डर ने कहा, कोहली ब्रिसबेन में जिस तरह आउट हुए, वो अगर बढ़िया फॉर्म में होते तो इस तरह की गेंद को खाली जाने देते हैं. मैं नहीं जानता कि विराट अभी मानसिक रूप से कैसा महसूस कर रहे हैं या फिर अब उनके पास वो स्किल नहीं हैं, जो पहले हुआ करती थीं. विराट कोहली को इसलिए भी आड़े हाथों लिया जा रहा है क्योंकि वो लगातार एक ही गलती को दोहराते जा रहे हैं. वो ऑफ स्टंप के बहुत बाहर की गेंदों पर बल्ला अड़ा कर खुद मुसीबत मोल ले रहे हैं.

एक और दिग्गज ने जताई चिंता

एलन बॉर्डर के अलावा इंग्लैंड के दिग्गज खिलाड़ी माइकल वॉन भी विराट कोहली के लिए कुछ ऐसा ही बयान दे चुके हैं. माइकल वॉन ने कहा था कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड, जहां गेंद में मूवमेंट और बाउंस देखने को मिलता है. ऐसी जगहों पर विराट कोहली जब अपनी बेस्ट फॉर्म में होते हैं तो ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों को खाली छोड़ देते हैं.

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में विराट कोहली अधिकांश मौकों पर ऐसी ही गेंदों पर आउट हुए हैं जिन्हें वो खाली जाने दे सकते थे. माइकल वॉन ने कहा, मुझे लगता है कि अब उनका टच पूरी तरह खत्म हो चुका है.

नॉर्वे शतरंजः

## नॉर्वे शतरंज में कार्लसन से होगा विश्व चैंपियन गुकेश का सामना, इस तारीख से खेला जाएगा टूर्नामेंट



**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी।** 18 साल के गुकेश ने इस साल टाटा स्टील मास्टर्स जीता, शतरंज ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण दिलाया, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चमके और पिछले सप्ताह सिंगापुर में विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता।

सबसे युवा विश्व चैम्पियन गुकेश डोम्माराजू का सामना अगले साल नॉर्वे शतरंज में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से होगा। टूर्नामेंट यहां 26 मई से छह जून तक खेला जाएगा। 18 साल के गुकेश ने इस साल टाटा स्टील मास्टर्स जीता, शतरंज ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण दिलाया, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चमके और पिछले सप्ताह सिंगापुर में विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता। गुकेश ने एक विज्ञप्ति में कहा, मैं दुनिया के सबसे मजबूत खिलाड़ियों में से एक के खिलाफ फिर नॉर्वे में भिड़ने को लेकर रोमांचित हूं। आर्मागेडोंस मजेदार होगा। गुकेश पिछले साल यहां तीसरे स्थान पर रहे थे लेकिन इस बार विश्व चैम्पियन के रूप में कार्लसन को उनके घर में चुनौती देंगे। नॉर्वे शतरंज के संस्थापक और टूर्नामेंट निदेशक जेल मेडलैंड ने कहा, यह मुकाबला शानदार होगा । देखना दिलचस्प होगा कि विश्व चैम्पियन का सामना नंबर एक खिलाड़ी से कैसा रहता है । पूरी दुनिया की इस पर नजरें होंगी। नॉर्वे शतरंज में दुनिया के शीर्ष पुरूष और महिला खिलाड़ी छह खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन प्रारूप में खेलेंगे।

31 साल की उम्र में लिया बड़ा फैसला

## इस भारतीय खिलाड़ी ने अचानक किया संन्यास का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जा रही है। सीरीज के दो मुकाबले हो चुके हैं और तीसरा मैच गाबा के मैदान पर हो रहा है। इसी बीच विदेशी टी20 लीग में संभावनाएं तलाशने के लिए भारतीय गेंदबाज अंकित राजपूत ने संन्यास का ऐलान किया है। जबकि वह अभी सिर्फ 31 साल के ही हैं। घरेलू क्रिकेट में वह उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हैं और हाल ही में वह रणजी ट्रॉफी में नजर आए थे।



### सोशल मीडिया पर दी जानकारी

अंकित राजपूत ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं आज बेहद विनम्रता के साथ भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करता हूं। साल 2009 से 2024 तक मेरी क्रिकेट यात्रा मेरे जीवन का सबसे शानदार समय रहा है। मुझे अवसर प्रदान करने के लिए मैं भारतीय क्रिकेट बोर्ड , उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ और कानपुर क्रिकेट संघ का आभार व्यक्त करता हूं।

### आईपीएल में पांच टीमों का रहे हिस्सा

अंकित राजपूत ने पांच आईपीएल टीमों चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स का भी आभार व्यक्त किया जिनका वह हिस्सा रहे है। आईपीएल के 29 मैचों में उन्होंने कुल 24 विकेट अपने नाम किए। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने भी पिछले महीने घरेलू क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उनकी तरह राजपूत भी दुनिया भर की टी20 लीग में संभावनाएं तलाश रहे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड से जुड़ा कोई भी सक्रिय क्रिकेटर विदेशी लीग में भाग नहीं ले सकता।

## रोहन जेटली फिर बने अध्यक्ष, बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष की बेटी बनी उपाध्यक्ष

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रोहन जेटली को दिल्ली जिला क्रिकेट संघ का एक और कार्यकाल के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने डीडीसीए के विभिन्न पदों के लिए चुनावों में भारत के पूर्व खिलाड़ी कीर्ति आजाद को हराया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत अरुण जेटली के बेटे 35 वर्षीय रोहन जेटली ने शीर्ष पद की दौड़ में आजाद के 777 वोटों की तुलना में 1,577 वोट हासिल किए। कुल 2,413 वोट डाले गए और जीतने के लिए 1,207 वोटों की आवश्यकता थी।



2020 में रोहन निर्विरोध डीडीसीए अध्यक्ष चुने गए और एक साल बाद उन्होंने एडवोकेट विकास सिंह को हराया। बीसीसीआई के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सीके खन्ना की बेटी शिखा कुमार (1,246 वोट) ने राकेश कुमार बंसल (536) और सुधीर कुमार अग्रवाल (498) को हराकर उपाध्यक्ष पद हासिल किया।

## विश्व क्रिकेट में पाकिस्तान की किरकिरी, अब नेपाल ने चटाई धूल, हर तरफ हो रही थू-थू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महिला अंडर-19 एशिया कप टी20 टूर्नामेंट का आगाज 15 दिसंबर को हुआ था. इस बीच सोमवार को ग्रुप बी के मैच में पाकिस्तान और नेपाल का आमना-सामना हुआ, जिसमें नेपाल ने 6 विकेट से जीत दर्ज करके क्रिकेट जगत को हैरत में डाल दिया है. अब नेपाल ने अंडर-19 एशिया कप के सुपर-4 में जगह बना ली है, वहीं पाक टीम ग्रुप स्टेज में अपने दोनों मैच हारने से टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है. पाकिस्तान की महिला टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 104 रन बनाए थे. जवाब में नेपाल टीम ने एक ओवर शेष रहते 6 विकेट से इस मुकाबले को जीता है.




नेपाल की कप्तान पूजा महातो को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. पहले उन्होंने अपने 4 ओवर के गेंदबाजी स्पेल में 27 रन देकर 2 विकेट लिए. वहीं जब बैटिंग की बारी आई तो पूजा ने 47 रन की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को यादगार जीत दिलाने में बहुत बड़ा योगदान दिया. पाकिस्तान के लिए एक समय 100 रन बना पाना भी मुश्किल प्रतीत हो रहा था, लेकिन कोमल खान ने 38 रन और महम अनीस ने 29 रन की पारी खेल अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में मदद की.

### पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर

महिला अंडर-19 एशिया कप में भारत, पाकिस्तान और नेपाल को ग्रुप बी में रखा गया था. ग्रुप मुकाबले में टीम इंडिया पहले ही पाकिस्तान को 9 विकेट से रौंद चुकी थी. यदि पाक टीम को सुपर-4 में प्रवेश पाना था तो उसे हर हालत में नेपाल पर जीत दर्ज करनी थी.

खैर अब नेपाल ने यादगार जीत दर्ज करके सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई है. ग्रुप ए पर नजर डालें तो उसमें श्रीलंका, बांग्लादेश और टूर्नामेंट के होस्ट मलेशिया को जगह दी गई थी. इस ग्रुप में श्रीलंका 2 मैच में एक जीत दर्ज करने के बाद अभी टेबल के टॉप पर मौजूद है. इस ग्रुप में बांग्लादेश और मलेशिया का मैच बाकी है.

न्यूजीलैंड-इंग्लैंडः

# इंग्लैंड की चौथी सबसे बड़ी हार, न्यूजीलैंड क्लीन स्वीप से बची, टिम साउदी की शानदार विदाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कप्तान बेन स्टोक्स मंगलवार (17 दिसंबर) को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बल्लेबाजी करने में असमर्थ रहे। इससे इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट के चौथे दिन चाय से पहले न्यूजीलैंड के हाथों 423 रनों से हार का सामना करना पड़ा। स्टोक्स को तीसरे दिन गेंदबाजी करते समय बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया और वह बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर सके। इससे इंग्लैंड की टीम 658 रनों के असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए 234 रनों पर आउट हो गई। रन की लिहाज से इंग्लैंड की चौथी सबसे बड़ी बार है।

न्यूजीलैंड ने रन की लिहाज से संयुक्त रूप से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। 2018 में श्रीलंका को भी उसने 423 रनों से हराया था। कीवी टीम ने इंग्लैंड को सीरीज में वाइटवॉश करने से रोक दिया। इसके साथ ही दिग्गज क्रिकेटर टिम साउदी की टेस्ट क्रिकेट से शानदार विदाई हुई।इंग्लैंड ने पहला टेस्ट8 विकेट से और दूसरा 323 रनों से जीतकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली थी। इंग्लैंड ने मंगलवार को अपनी दूसरी पारी 2 विकेट पर 18 रन से शुरू की।



तीसरे दिन ही बेन डकेट और जैक क्रॉली आउट हो गए थे। जो रूट ने 54 और जैकब बेथेल ने 76 रन बनाए और तीसरे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। लंच के बाद गस एटकिंसन ने 41 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए। ओली पोप ने 17 रन बनाए, लेकिन विकेट लगातार गिरते रहे।

**मिचेल सैंटनर का बहुत बड़ा योगदान**

न्यूजीलैंड की जीत में मिचेल सैंटनर का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने नंबर 8 पर बल्लेबाजी करते हुए 76 रन बनाए और मैट हेनरी, टिम साउथी और विल ओ'रुर्के के साथ मिलकर न्यूजीलैंड के आखिरी तीन विकेट के लिए 116 रन जोड़े। इससे न्यूजीलैंड टॉस हारने और पहले बल्लेबाजी करने के बाद 347 रन तक पहुंच सका। सैंटनर और ओ'रुर्के के बीच आखिरी विकेट के लिए साझेदारी पहले दिन के अंत में और दूसरे दिन की शुरुआत में 77 मिनट तक चली। इसके बाद सेंटनर ने 7 रन देकर 3 विकेट लिए। भविष्य में न्यूजीलैंड की संभावित रूप से नई गेंद की जोड़ी हेनरी और ओ'रुर्के ने सात विकेट लिए। इंग्लैंड अपनी पहली पारी में डेढ़ सत्र में 143 रन पर आउट हो गया।

साउथी कई वर्षों से न्यूजीलैंड के आक्रमण की अगुआई कर रहे थे। ज्यादातर ट्रेंट बोल्ट के साथ उन्होंने ऐसा किया। यह उनका 107वां और अंतिम टेस्ट था और बोल्ट अब न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ अनुबंधित नहीं हैं।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में प्राप्त आवेदनों के निराकरण में तेजी लाएं : कलेक्टर

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक में समस्त संबंधित विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पात्रतानुसार हितलाभ के त्वरित वितरण सहित अभियान की समय सीमा 26 जनवरी के पूर्व भी आवेदनों के निराकरण के लिए निर्देशित किया है। इस संबंध में समस्त एसडीएम एवं तहसीलदार को भी अपने क्षेत्र अंतर्गत अभियान में आयोजित शिविरों की मॉनीटरिंग कर कर्त्तव्य से अनुपस्थित लोक सेवकों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ तथा जनपद पंचायत सीईओ से भी आवेदनों के निराकरण की स्थिति में सुधार लाने के लिए कहा गया है। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में नियमित रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी शिविर में आमंत्रित करें। शिविर की उपयोगिता सिद्ध हो, इसका प्रयास किया जाए। शिविर प्रभारी से लंबित आवेदनों की दैनिक



जानकारी प्राप्त कर विकासखण्डवार एवं आवेदनवार रिव्यू कर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविर के पूर्व संपर्क दल द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों द्वारा मॉनीटरिंग की जाए। समस्त संबंधित अधिकारी शिविरों में नियमित रूप से समय पर पहुंचे।

कलेक्टर ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना में जिले की अजयगढ़ एवं शाहनगर तहसील को छोड़कर समस्त सात तहसील के लगभग 388 ग्राम सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा से लाभांवित होंगे। साथ ही सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन सहित परियोजना के क्रियान्वयन से कृषकों एवं आम नागरिकों को अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। भूमिपूजन के पूर्व नियमित रूप से 25 दिसम्बर तक विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार का कार्य भी सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महत्व की परियोजना के दृष्टिगत दीवार लेखन सहित शैक्षणिक संस्थाओं में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक, कलश यात्रा, वाहन एवं साईकिल रैली तथा युवा संवाद के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। भजन मंडली को भी सक्रिय कर इस कार्य में सहयोग प्राप्त करें। साथ ही जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित शिविरों में परियोजना से संबंधित ग्रामों में ग्रामीणजनों को परियोजना के सकारात्मक प्रभाव के बारे में भी अवगत कराया जाए। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को अधीनस्थ स्टॉफ द्वारा स्थानीय निकायों के अधिकारियों के साथ समन्वय कर आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आयुष्मान कार्ड की प्रगति, पेंशन हितग्राहियों की समग्र पोर्टल पर निकायवार आधार ई-केवायसी प्रगति तथा पीएम विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन संबंधी जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में विभिन्न विभागों की स्वरोजगारमूलक प्रकरणों में स्वीकृति और वितरण में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। नगरीय निकाय द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना में बेहतर क्रियान्वयन की भांति राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग की योजनाओं, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना इत्यादि में भी आगामी 31 दिसम्बर तक अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। छात्रवृत्ति प्रकरणों और अधिकारियों द्वारा शाला भ्रमण की स्थिति की समीक्षा भी की गई। इसी तरह छात्रावास एवं पोषण पुर्नवास केन्द्र सहित अन्य संस्थाओं में अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव व रोकथाम के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के तहत चयनित विषय अनुसार प्राथमिकता के साथ जाति प्रमाण पत्र, नामांतरण सहित अन्य लंबित प्रकरण और 100 दिवस से अधिक समय की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के तीन दिवस में शत प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही गत माह के सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग जारी होने के पूर्व सी एवं डी ग्रेड वाले विभाग के अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर प्रकरण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। सीएम हेल्पलाइन के अधिक संख्या में लंबित प्रकरण वाले विभाग के अधिकारियों को ग्रामवार प्रकरणों को सूचीबद्ध कर निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा अनिवार्य रूप से एल-1 स्तर पर ही शिकायत अटेंड करने तथा लोक सेवा गारंटी सेवाओं का समय सीमा में प्रदाय सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। राजस्व महाअभियान 3.0 अंतर्गत लंबित सीमांकन प्रकरणों के समाधान के निर्देश भी दिए। बैठक में टीएल और जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की समीक्षा भी की गई।

# परिषद की मासिक गोष्ठी सम्पन्न



**पन्ना।** आज अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद् इकाई पन्ना की मासिक गोष्ठी पं.अरूण त्रिवेदी जी (फारेस्ट विभाग) के निज आवास पर परिषदीय संकल्पसूत्र मूलभावना के साथ विधिवत सम्पन्न हुई। बैठक में प्रयागराज यात्रा सहित विप्र कुल गौरव महापुरूष द्वय स्व.श्रेद्धेय पं. मदनमोहन मालवीय जी एवं पं.अटलविहारी वाजपेई जी की आगामी जन्मजयंती पर्व 25 दिसम्बर को मनाये जाने सहित अनेक स्थानीय विषयगत विन्दुओं पर विस्तार से पारस्परिक संवाद सम्पन्न हुआ। सभी उपस्थित विप्र वंधुओं ने अपने-अपने स्वच्छंद स्वविचार रख सामाजिक परिवेश यात्रा को गति प्रदान करने पर बल दिया। बैठक में परिषद के नवीन जिला कोषाध्यक्ष पं.श्री कौशलेन्द्र पाण्डेय जी के नाम की सर्वसम्मतेन घोषणा हुई। साथ ही प्रयागराज धर्मशाला प्रवेशोत्सव वा हरित कुंभ यात्रा प्रभारी पं. श्री कौशलेन्द्र पाण्डेय जी,एवं पं.श्री अजय वाजपेई जी को संयुक्त रूप से बनाया गया। गोष्ठी उपरॉत अभी हाल ही में गत दिवसों में स्थानीय विप्र परिजनों के दिवंगत पुण्यात्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन ध्यान रखा गया। आगामी मासिक गोष्ठी गहरा-कुंजबन में सम्पन्न होगी,जिसकी विस्तृत जानकारी पृथक से प्रेषित की जायेगी। आज की गोष्ठी में परिषद के कनिष्ठ/वरिष्ठ लगभग सभी सम्मानीय सदस्यगण उपस्थित रहे ।

# मुख्यमंत्री के 19 दिसम्बर को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत तैयारियों का लिया जायजा



**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 25 दिसम्बर को छतरपुर जिले के खजुराहो में केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 19 दिसम्बर को पन्ना आगमन प्रस्तावित है। जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम एवं सभा के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस क्रम में कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा ने सोमवार को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना ग्राउण्ड पहुंचकर कार्यक्रम स्थल में आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारीद्वय ने मंच एवं बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पार्किंग, यातायात व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, एसडीएम संजय नागवंशी एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, लाभांवित ग्रामों में निकलेगी राम जल सेतु कलश यात्रा

## 25 दिसम्बर को होगा जिला स्तरीय किसान सम्मेलन

**पन्ना।** केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के तहत लाभांवित ग्रामों में राम जल सेतु कलश यात्राएं निकाली जाएंगी। साथ ही जल आधारित विभिन्न कार्यक्रम भी होंगे। इसके अलावा 25 दिसम्बर को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। जल संसाधन विभाग के निर्देशानुसार पन्ना जिले में सिंचाई व पेयजल सहित उद्योगों के लिए जल की उपलब्धता से लाभांवित होने वाले ग्रामों तथा इन ग्रामों के आर्थिक व सामाजिक विकास का आधार बनने पर केन्द्रित जनजागरण के कार्यक्रम 16 से 25 दिसम्बर तक आयोजित किया जाना है, जिसके तहत 16 से 20 दिसम्बर तक निरंतर लाभांवित ग्रामों में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन तथा परियोजना के लाभ से संबंधित संदेशों का दीवार लेखन तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविरों में केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना से होने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

इसी तरह 20 दिसम्बर को ग्रामवासियों के सहयोग से कलश यात्राएं तथा प्रभात फेरियां भी निकाली जाएंगी। इसमें जनप्रतिनिधि, किसान, महिलाएं तथा छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। 21 दिसम्बर को परियोजना से लाभांवित ग्रामों के विद्यालयों में जल पर केन्द्रित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा परियोजना के महत्व पर विशेष कक्षा सत्र का आयोजन किया जाएगा। 22 दिसम्बर को संभावित लाभांवित ग्रामों में राष्ट्रीय परियोजना के तहत तथा जल की आवश्यकता पर केन्द्रित नुक्कड़ नाटकों, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भजन मंडली के कार्यक्रम होंगे। 23 दिसम्बर को वाहन एवं साइकिल रैली निकलेगी तथा चिन्हित स्थानीय मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। 24 दिसम्बर को महाविद्यालयों में जल पर केन्द्रित युवा संवाद एवं किसान प्रशिक्षण आयोजित होगा, जबकि 25 दिसम्बर को जिला मुख्यालय पर किसान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर आमजनों के अवलोकन के लिए प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी और खजुराहो में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। समस्त ग्राम पंचायतों में भी मुख्य कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट होगा। जिला कलेक्टर द्वारा उक्त कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों सहित स्वसहायता समूह व स्वयंसेवी संगठनों इत्यादि की सहभागिता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला मुख्यालय पर कन्ट्रोल रूम का गठन कर प्रतिदिन की गतिविधियों की मॉनीटरिंग की जाएगी।

जिला कलेक्टर द्वारा उक्त समस्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय को जिला नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन यंत्री जल संसाधन उमा गुप्ता को सहायक जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अन्य सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जनपद पंचायत सीईओ गुनौर, पवई, शाहनगर व पन्ना, जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर, जिला समन्वयक जनअभियान परिषद आनंद पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे, उप संचालक ए.पी. सुमन, प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. परमार, महाप्रबंधक जल निगम शिवम सिन्हा, कार्यपालन यंत्री सतीश शर्मा तथा अनुविभागीय अधिकारी अर्चना लोधी की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

# अधिकारी-कर्मचारियों के डाटा होंगे ऑनलाइन

**पन्ना।** सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के डाटा का सत्यापन आईएफएमआईएस के तहत समग्र आईडी से सत्यापित किया जायेगा। साथ ही शासकीय सेवकों का वेतन भुगतान आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के माध्यम से होगा। इस व्यवस्था में सभी शासकीय सेवकों का दायित्व होगा कि वे आईएफएमआईएस के अंतर्गत एम्प्लाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टि कर जानकारी सत्यापित करना सुनिश्चित करें। आईएफएमआईएस में समग्र आईडी की प्रविष्टि करने की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है।

एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली में समग्र आईडी की प्रविष्टि एवं सत्यापन से पूर्व समस्त शासकीय सेवकों द्वारा उनकी समग्र आईडी का पंजीयन व अद्यतन एवं आधार से लिंक समग्र पोर्टल के माध्यम से कराया जाना होगा। कर्मचारियों के वेतन प्राप्त करने वाले बैंक खातों को भी आधार से लिंक कराया जाना अनिवार्य होगा। इस संबंध में शासन के समस्त विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी एवं आहरण संवितरण अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि 28 फरवरी 2025 तक समस्त शासकीय सेवकों की समग्र आईडी की प्रविष्टि आईएफएमआईएस अंतर्गत एम्प्लाई प्रोफाइल में हो जाये। आईएफएमआईएस अंतर्गत बजट नियंत्रण अधिकारी व आहरण संवितरण अधिकारियों की लॉगइन पर मॉनिटरिंग हेतु रिपोर्ट उपलब्ध करायी जायेगी।

कर्मचारियों के डाटा के समग्र आईडी से सत्यापन कार्य के प्रथम चरण में नियमित शासकीय सेवकों के लिये समग्र आईडी के प्रविष्टि की कार्यवाही की जाना है। द्वितीय चरण में मानदेय, संविदा, दैनिक वेतनभोगी शासकीय सेवकों का भी सत्यापन एवं आधार से लिंक किया जायेगा। समग्र पोर्टल से संबंधित सहयोग या सहायता के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। समग्र आईडी बनवाने या अद्यतन करवाने अथवा सुधार करवाने संबंधी जानकारी व यूजर मैनुअल समग्र पोर्टल से प्राप्त किये जा सकते हैं।

## 7 ग्राम पंचायतों में आज लगेंगे शिविर

**पन्ना।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत 17 दिसम्बर को सात ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिमरीकला, रैयासांटा, पिपरिया कला एवं बम्हौरी तथा अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गुमानगंज, मड़रका एवं नारायणपुर में शिविर लगेगा।

# सोलर पंप योजना के नाम पर 4 लाख की ठगी, कियोस्क संचालक गिरफ्तार

**सतना।** सोलर पम्प लगवाने की योजना के तहत किसान और उसके परिजनों से लाखों की ठगी के आरोप में सिंहपुर पुलिस ने कियोस्क संचालक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। थाना प्रभारी अजय अहिरवार ने बताया कि जितेन्द्र सिंह पुत्र राजवेन्द्र सिंह निवासी डिलौरा, ने मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना के तहत वर्ष 2018 में देवेंद्र पुत्र लक्ष्मी शर्मा (उपाध्याय) 38 वर्ष, निवासी नारायणपुर, के कियोस्क पर पहुंचकर ऑनलाइन आवेदन कर पंजीयन शुल्क के 5 हजार रुपए जमा कर दिए। वर्ष 2020 के शुरुआत में योजना में पात्र होने पर 67 हजार की रकम भर दी। इतना ही नहीं कुछ दिन के बाद जितेंद्र ने मां देवरती सिंह, पिता राजवेन्द्र सिंह और भाई राघवेन्द्र सिंह के नाम से भी सोलर पंप योजना में आवेदन कर 5-5 हजार रुपए ऑनलाइन शुल्क दिया। जून 2020 में कियोस्क संचालक देवेन्द्र शर्मा ने फोन कर सभी का चयन योजना में होने की जानकारी देकर पूरी राशि जमा करने के लिए कहा, तो 3 दिन के अंदर माता-पिता और भाई की तरफ से नकद और चेक के जरिए 3 लाख 27 हजार रुपए दे दिए। शुल्क जमा करने के बाद जितेंद्र और उनके परिजन इंतजार करने लगे, लेकिन काफी समय तक कोई जवाब नहीं आया। इस बीच कियोस्क संचालक भी टालमटोल करता रहा। अंततः आवेदक ने अपने स्तर पर जिला अक्षय ऊर्जा कार्यालय रीवा में संपर्क किया तो ज्ञात हुआ कि सिर्फ जीतेन्द्र सिंह के नाम से 5 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई है और राजवेन्द्र सिंह के नाम से आवेदन किया गया, मगर पैसे जमा नहीं हुए, जबकि देवरती सिंह और राघवेन्द्र सिंह के नाम पर आवेदन भी नहीं किया गया था। यह खुलासा होने पर जितेंद्र ने सिंहपुर थाने में लिखित शिकायत के साथ कियोस्क संचालक को दी गई रकम के प्रमाण भी प्रस्तुत कर दिए, जिस पर जांच-पड़ताल की गई तो यह बात सामने आई कि कियोस्क संचालक देवेन्द्र शर्मा ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 4 लाख 9 हजार का फर्जीवाड़ा किया है। ऐसे में आईपीसी की धारा 420, 467, 468 और 471 का अपराध दर्ज कर 16 दिसंबर की सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में रैगांव चौकी प्रभारी आरपी सिंह त्रिपाठी, एएसआई सीपी वर्मा, आरक्षक भरत बागरी, अभिषेक यादव, अमितेश जायसवाल और मोहित गुप्ता ने अहम भूमिका निभाई।

# नाबालिग के अपहरण का आरोपी मैहर से गिरफ्तार

**सतना।** नाबालिग को अगवा करने के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने मैहर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि अप्रैल 2024 में एक किशोरी रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी, जिसके पिता की रिपोर्ट पर धारा 363 का अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई, लेकिन शुरुआत में कुछ पता नहीं चला। इसी बीच साइबर सेल की मदद से मैहर में दबिश देकर नाबालिग को खोज निकाला गया, जिसने पूछताछ में उदयपुर निवासी पवन पुत्र जियालाल कुशवाहा 24 वर्ष, के द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और बंधक बनाकर रखने का खुलासा किया। इस बयान पर धारा 366 का इजाफा किया गया, पर आरोपी तब भी हाथ नहीं लगा। अंततः 9 माह की लंबी जांच-पड़ताल के पश्चात 16 दिसंबर को मुखबिर की पुख्ता सूचना पर मैहर के उदयपुर से ही आरोपी पवन कुशवाहा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

## चेक बाउंस होने पर अदालत ने आरोपी को एक साल के कारावास की सजा सुनाई

**सतना।** इलाज के लिए उधार ली गई 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि के लिए जारी चेक के बाउंस हो जाने पर अदालत ने आरोपी को एक साल के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कामिनी प्रजापति की कोर्ट ने चेक राशि के साथ 21 हजार 6 सौ रुपए का प्रतिकर दिए जाने का निर्णय सुनाया है। परिवादी की ओर से अधिवक्ता एमके शुक्ला ने पक्ष रखा। परिवादी अधिवक्ता ने बताया कि परिवादी जयप्रकाश सिंह से आरोपी प्रमोद कुमार सिंह ने पत्नी के इलाज की जरूरत बताकर 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि उधार लिया था, जिसके भुगतान के लिए आरोपी ने अपने खाते का चेक जारी किया था।

# जो होगा नशे का आदी, उसके जीवन की होगी बर्बादी : अर्जुन

## भोपाल से चलकर नशामुक्त भारत अभियान पहुंचा, ब्रह्माकुमारी विद्यालय

**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के भोपाल क्षेत्रीय मुख्यालय से नशामुक्त भारत अभियान को लेकर आए बीके आशीष भाई, बीके रामजी भाई, बीके अर्जुन भाई और बीके गंगा बहन ने पन्ना जिले में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में नुक्कड़ नाटकों, प्रेरणादायक सत्रों आदि के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को मादक पदार्थों की लत से मुक्त कर स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देना था।

इस अभियान के तहत नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि गुटखा, सिगरेट, शराब, चरस जैसे मादक पदार्थ मीठे जहर के समान हैं, जो धीमे-धीमे शारीरिक और मानसिक क्षति पहुंचाते हैं। बीके




आशीष भाई ने कहा नशा एक अभिशाप है। हमारे बुरे शौक ही हमें बर्बाद करते हैं। इस प्रकार नशा न केवल शरीर को कमजोर करता है, बल्कि मानसिक शांति और पारिवारिक सौहार्द को भी नष्ट कर देता है। उन्होंने इस आदत को त्यागने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति विकसित करने पर जोर दिया।

बीके रामजी भाई ने अपने संबोधन में कहा किनशा एक अभिशाप है, जो जीवन को बर्बादी की ओर ले जाता है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी और समझाया कि नशा न करने से न केवल हमारा भविष्य उज्ज्वल होगा, बल्कि समाज भी स्वस्थ बनेगा। वहीं, बीके अर्जुन भाई ने उपस्थित जनसमूह से यह प्रतिज्ञा करवाई कि वे न तो नशा करेंगे और न ही किसी और को करने देंगे। जब हम नशे से बचेंगे और सबको बचाएंगे तभी हमारा भारत पुनः स्वर्णिम भारत बनेगा।

कार्यक्रमों में बीके गंगा बहन ने जोर देकर कहा कि हमें इस नशे से स्वयं बचना है और दूसरों की रक्षा करना है। अपने परिवार एवं आसपास, पड़ोस को, गांव, शहर, राज्य, देश तथा संपूर्ण मानव जाति को इस महाविनाशकारी शैतान के चंगुल से बचाकर रखने में सहयोग देना है। उन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हर व्यक्ति को व्यक्तिगत स्तर पर पहल करने की अपील की।

पन्ना ब्रह्माकुमारी केंद्र की संचालिका बीके सीता बहन ने भी नशा मुक्त जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि नशे से बचने के लिए ध्यान और सात्विक जीवनशैली को अपनाना जरूरी है। साथ ही आपने सभी को विद्यालय में आने के लिए एवं ध्यान करने के लिए प्रेरित किया एवं ध्यान के लाभों पर जोर दिया।

इस दौरान नेशनल पब्लिक उ.मा. विद्यालय, महारानी दुर्गा राज्यलक्ष्मी उ.मा. विद्यालय, शास. पॉलीटेक्निक कॉलेज और पुलिस लाइन में चल रहे स्वास्थ्य परीक्षण केंद्र आदि स्थानों पर संदेश दिया गया तथा इन संस्थानों के छात्रों, शिक्षकों और अन्य उपस्थित लोगों ने नशा छोड़ने का संकल्प लिया।

पन्ना क्षेत्र में कार्यक्रमों के पश्चात् अभियान का स्थानीय सेवा केंद्र में भव्य स्वागत हुआ तथा बहन जी ने अभियान में आए हुए सभी भाई-बहनों का सम्मान करते हुए अभियान को आगे हेतु शुभकामनाएं दी।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, बुधवार 18 दिसम्बर 2024




कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर तथा संयुक्त कलेक्टर ने आमजनता से प्राप्त 77 आवेदन पत्रों में सुनवाई की।



# पेंशन प्रकरण लंबित रहे तो रूकेगी अधिकारियों की वेतनवृद्धि

## समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के पत्रों का तत्परता से निराकरण करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी अधिकारी कार्यालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वत्वों का समय पर भुगतान करें। शासन के निर्देशों के अनुरूप सेवानिृत्ति के तीन माह पूर्व पेंशन प्रकरण ऑनलाइन दर्ज करा दें। उसमें किसी भी तरह की आपत्ति होने पर उसका निराकरण कर दें जिससे समय पर पीपीओ जारी हो सके। अधिकारी लंबित पेंशन प्रकरण तत्काल पेंशन कार्यालय में दर्ज करा दें। पेंशन प्रकरण लंबित रहने पर अधिकारियों की वेतनवृद्धि रोकी जाएगी। कमिश्नर ने कहा कि संभागीय पेंशन अधिकारी आगामी बैठक में फरवरी माह तक सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों की सूची प्रस्तुत करें। इनके पेंशन प्रकरणों के निराकरण की हर सप्ताह समीक्षा की जाएगी। अधिकारी समाधान ऑनलाइन के



एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। इसमें सौ दिन तथा पचास दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करें। नागरिक आपूर्ति निगम तथा खाद्य विभाग के अधिकारी उचित मूल्य दुकानों के लिए हर माह की 10 तारीख तक आवंटित खाद्यान्न का भण्डारण सुनिश्चित करें। गरीबों को समय पर अनाज न मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। खाद्यान्न के उठाव और परिवहन के संबंध में भी हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में विभागीय योजनाओं के पात्र सभी हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से लाभान्वित करें। हितग्राहीमूलक योजनाओं का 31 दिसम्बर तक लक्ष्यपूर्ति सुनिश्चित करें। इन शिविरों के माध्यम से विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें तथा आमजनता से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण करें। उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण कराकर उनमें भोजन, आवास, पेयजल, साफ-सफाई तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी कलेक्टर साप्ताहिक बैठक में छात्रावासों की व्यवस्थाओं की समीक्षा करें। कमिश्नर ने कहा कि न्यायालय में लंबित प्रकरणों में समय पर जवाबदावा प्रस्तुत करें। अवमानना के प्रकरणों में तत्परता से कार्यवाही कर प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करें। राजस्व, कृषि तथा खाद्य विभाग के अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की निगरानी करें। उपार्जित धान के समय पर उठाव, परिवहन, भण्डारण एवं किसानों को भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करें। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य जनवरी माह में सभी जिलों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए कार्यक्रम जारी करें। संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन सभी नगरीय निकायों में खुले में रहने वाले निराश्रितों को ठण्ड से बचाव के लिए गरम कपड़े, कंबल, अलाव आदि की व्यवस्था कराएं। इसके लिए आमजनता और समाजसेवी संस्थाओं का भी सहयोग प्राप्त करें। बैठक में कमिश्नर ने जल जीवन मिशन के कार्यों तथा छात्रवृत्ति वितरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संभागीय आयुर्वेद अधिकारी डॉ नीरजा मिश्रा ने प्रकृति परीक्षण अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि प्रकृति परीक्षण एप डाउनलोड करके उसमें प्रत्येक व्यक्ति अपने स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दर्ज करके क्यूआरकोड जनरेट कर लें।

## अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के एमबीए डिपार्टमेंट में लगा लर्निंग लाइसेंस का शिविर

**रीवा।** परिवहन विभाग ने आज एम बी ए डिपार्टमेंट में लर्निंग लाइसेंस का सिविर लगाया गया। जिसमे मुख्यत: बीबीए के छात्रो को प्रशिक्षण दिया गया।कालेज में छात्रो को आधार कार्ड के माध्यम से लाइसेंस बनाने के बारे में बताया गया। जिसमे छात्रों को वही पर डेमो भी दिया गया। ऑनलाइन लाइसेंस में 20 प्रश्न आते है जिसमे 12 प्रश्नों के सही उत्तर देने होते है। बीबीए के छात्रो ने सभी 12 प्रश्नों के सही उत्तर दिए।वाहन चलाने में लाइसेंस का महत्व क्या होता है यह छात्रो को समझाया गया। शिविर में एच ओ डी श्री अतुल पांडे जी डॉ आनंद सिंह डॉ पंकज सिंह डॉ हर्षित सिंह और छात्र छात्राए उपस्थित रहे। शिविर में आर टी ओ रीवा और परिवहन सुरक्षा स्क्वाड प्रभारी सहित लाइसेंस सेक्शन प्रभारी और टेक्नीशियन उपस्थित रहे।प्रशिक्षण के पश्चात हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट श्री अतुल पांडे जी के हाथी से छात्रो को लाइसेंस प्रदाय किया गया।

# कलेक्टर ने दो धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

## किसानों को उपार्जित धान का समय पर भुगतान कराएं : कलेक्टर



**रीवा।** जिले भर में 92 खरीदी केन्द्रों में निर्धारित समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से धान का उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रायपुर कर्चुलियान तहसील में खरीदी केन्द्र में माँ भगवती वेयरहाउस अमिलिया तथा माँ गायत्री वेयरहाउस महसुआ का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि स्लॉट बुक करने वाले किसानों से समय पर खरीदी करें। खरीदे गए धान को वेयरहाउस में व्यवस्थित रूप से स्टेग बनाकर रखें। किसानों को उपार्जित धान का समय पर भुगतान कराएं। जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक अधीनस्थ सभी बैंक शाखाओं में पर्याप्त मात्रा में राशि उपलब्ध करा दें जिससे किसानों को भुगतान प्राप्त करने में किसी तरह की कठिनाई न हो। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि उपार्जन के लिए धान साफ करके तथा सुखाकर लाएं। खरीदी केन्द्र में निर्धारित मात्रा में ही धान दें। कलेक्टर ने समिति प्रबंधक को खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। दोनों खरीदी केन्द्रों में उपस्थित किसानों से धान का उपार्जन करके वेयरहाउस में भण्डारण किया जा रहा था। निरीक्षण के समय अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, सहायक आपूर्ति अधिकारी सुभाष द्विवेदी तथा किसान उपस्थित रहे।

## जनकल्याण अभियान में लगाए जा रहे शिविरों में आमजन हो रहे लाभान्वित

**रीवा।** जिले भर में प्रत्येक विकासखण्ड में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सभी विकासखण्डों में 15 दिसम्बर से जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में आमजन लाभान्वित हो रहे हैं। शिविरों के माध्यम से आमजनता को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। साथ ही हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं शिविरों के लिए तैनात नोडल अधिकारी तथा सेक्टर आफीसर शिविरों का जायजा ले रहे हैं। कलेक्टर ने 17 दिसम्बर को रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में आयोजित जनकल्याण शिविरों में शिरकत की। जनकल्याण शिविरों में 17 दिसम्बर को जनपद पंचायत सिरमौर की ग्राम पंचायत कररिया में 32 और सुरवार में 24 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए।

## कमिश्नर ने जनसुनवाई में 16 आवेदनों में की सुनवाई

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता के 16 आवेदनों में सुनवाई की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा की जा रही है। जनसुनवाई में आवेदकों द्वारा नहर से सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति, पेंशन प्रकरण के निराकरण, जमीन के अभिलेख में सुधार, अनुकंपा नियुक्ति, हैण्डपंप में सुधार सहित विभिन्न आवेदन दिए गए।

# विभागीय योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करें : कलेक्टर

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत लगाए जा रहे इन शिविरों में आमजनता को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस क्रम में रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बरा में आयोजित शिविर का कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जायजा लिया। कलेक्टर ने आमजनता से संवाद करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ



देने तथा जनसमस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जा रहे हैं। आमजनता इन शिविरों से लाभ उठाए। शिविरों के माध्यम से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

शिविर में आमजनता से संवाद करते हुए कलेक्टर ने कहा कि उचित मूल्य दुकान से खाद्य सुरक्षा योजना के तहत हर माह खाद्यान्न का वितरण किया जाता है। खाद्य विभाग के अधिकारी समय पर उचित मूल्य दुकान में आवंटित खाद्यान्न भण्डारित कराकर उसका वितरण कराएं। ग्राम पंचायत में समूह नलजल योजना के तहत हर घर में नल से पानी पहुंचाने के लिए पेयजल की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। पंचायत के हर मजरे-टोले में पाइपलाइन बिछाकर प्रत्येक घर में नल कनेक्शन दें। पानी की आपूर्ति होने पर जिन घरों में कनेक्शन हों वे हर महीने पंचायत द्वारा निर्धारित राशि अवश्य जमा करें। कलेक्टर ने कहा कि किसान अपने खेतों में खाद का संतुलित उपयोग करें। खेत की मिट्टी की जाँच कराकर उसमें जिस तत्व की कमी हो उसके अनुसार खाद डालें। डीएपी खाद के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके खाद अधिक लाभदायी है। इसके उपयोग से मिट्टी की उर्वरा क्षमता बढ़ने के साथ राशि की भी बचत होती है। कलेक्टर ने गांव की साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, आँगनवाड़ी तथा स्कूलों के संचालन एवं ग्राम स्तरीय विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रतीक्षा सूची को ग्राम पंचायत की दीवार पर अंकित करा दें।

# मप्र विधानसभा ने लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करने में निभाई है विशिष्ट भूमिका: उप मुख्यमंत्री

## पूर्वजों ने जिस उद्देश्य और संकल्प के साथ रखी थी मध्यप्रदेश की नींव उसे पूरा करने के लिए हम सब संकल्पित

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश विधानसभा ने लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करने में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाई है। 17 दिसंबर 1956 को मध्यप्रदेश विधानसभा के पहले सत्र से लेकर आज तक प्रदेश ने विकास और सुशासन की एक लंबी यात्रा तय की है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मध्यप्रदेश विधानसभा के पहले सत्र की 68 वीं वर्षगांठ पर सदन में संबोधित करते हुए प्रदेश की



लोकतांत्रिक परंपराओं, विकास यात्रा और भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि 1950 में संविधान लागू होने के बाद मध्यप्रदेश कई हिस्सों में विभाजित था, जिसमें विन्ध्य प्रदेश, मध्य भारत, भोपाल और सेन्ट्रल प्रोविन्सेस शामिल थे। राज्यों के पुनर्गठन के बाद 1 नवंबर 1956 को मध्यप्रदेश का गठन हुआ। उस समय से अब तक प्रदेश ने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सशक्त बनाते हुए विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वर्ष 2003 से 2024 तक मध्यप्रदेश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। सिंचाई क्षेत्र में क्रांतिकारी विकास हुआ है। 2003 के पहले प्रदेश में मात्र 7 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होती थी, जो अब बढ़कर 50 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगामी योजनाओं से यह आंकड़ा 1 करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचने की उम्मीद है।

## विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा है कि पेंशनर्स हमारे समाज की धरोहर हैं, और उनकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सिंधु भवन भोपाल में विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ के प्रादेशिक वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने संघ की स्मारिका का विमोचन किया। संगठन प्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री को पेंशनर्स की तीन प्रमुख मांगों पेंशन की शासकीय गारंटी, महंगाई राहत का समय पर भुगतान और कैशलैस हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा।

# पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई जनसुनवाई

**रीवा।** पुलिस महानिदेशक म.प्र. के द्वारा प्रत्येक मंगलवार को वरिष्ठ कार्यालयों एवं जिले के प्रत्येक अनुविभागीय कार्यालयों व प्रत्येक थानो में जनसुनवाई किए जाने एवं आम जन की समस्याओं को



सुनकर कर उसका समय पर उचित निराकरण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है । उसी तारतम्य में आज दिनांक 17.12.2024 दिन मंगलवार को पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय रीवा में जनसुनवाई की गई एवं लोगो की समस्याओं से अवगत हुए । इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) हिमाली पाठक भी उपस्थित रहीं। आज दिनांक को जनसुनवाई में कुल 21 आवदेन पत्र प्राप्त हुए जिस पर पुलिस अधीक्षक रीवा द्वारा आम जन की शिकायतों का उचित निराकरण किए जानें हेतु संबंधितों को कडाई से निर्देशित किया गया।

साथ ही रीवा जिले के प्रत्येक अनुविभागीय कार्यालयों एवं समस्त थानों में भी आज दिनांक को जनसुनवाई की जा कर आम जन की समस्याओं को सुना जा कर उस पर वैधानिक कार्यवाही की गई।

# वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा पितृपुरुष केशव पाण्डेय का दुखद निधन

## भाजपा नेताओं ने व्यक्त की संवेदना

**रीवा।** जनसंघ से लेकर भाजपा के कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले रीवा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं संगठन मंत्री जैसे विभिन्न दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने वाले रीवा भाजपा के पितृ पुरुष श्रद्धेय केशव प्रसाद पांडेय का दुखद निधन आज प्रात: 08 बजे हो गया।केशव पाण्डेय जी का अधिक उम्र के कारण स्वास्थ कई महीनो से खराब था ,जिसके कारण अस्वस्थ चल रहे थे।जिससे उनका निधन हो गया।केशव पाण्डेय अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर अनंत यात्रा में प्रस्थान कर गए।उनके पुत्र राजेश पांडे वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री है। श्री केशव पाण्डेय के निधन उपरांत भाजपा कार्यालय अटल कुंज में उनके पार्थिव शरीर को पार्टी पदधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के दर्शनार्थ दोपहर 3:00 बजे से रखा गया जहां पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि ,कार्यकर्ता गण ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजलि दी।श्री केशव पांडे का अंतिम संस्कार कल दिनांक 18 दिसंबर को वाराणसी में किया जाएगा।।

उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह ने कहा कि केशव पाण्डेय जी हमारे पार्टी के वरिष्ठ नेता थे उनके जाने से व्यक्तिगत रूप से तथा पार्टी की अपूर्णीय क्षति हुई है।उन्होंने भारतीय जनसंघ के समय से विभिन्न दायित्वो में रहकर पार्टी के लिए निष्ठा तथा ईमानदारी से कार्य किया था।

पार्टी के वरिष्ठ नेता के रूप में उनके द्वारा सदैव मार्गदर्शन हम सब कार्यकर्ताओं को प्राप्त होता था।परिवार को इस विकट दु:ख की घड़ी में संबल प्रदान करे।तथा उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। उनके दुखद निधन पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह ,सांसद जनार्दन मिश्रा,विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह ,विधायक सिरमौर दिव्यराज



सिंह,विधायक त्यौंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां नरेंद्र प्रजापति, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रज्ञा त्रिपाठी, वीरेंद्र गुप्ता, राजेंद्र पांडेय, वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह, राम सिंह, विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, अर्जुन सिंह चौहान, महाबली गौतम, राजेंद्र ताम्रकार, रमेश गर्ग, अंजू मिश्रा,जिला महामंत्री त्रय अशोक सिंह गहरवार, श्रीमती ममता गुप्ता ,रामजी प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष माया सिंह, जयंत खन्ना,कुंवर पुष्पेंद्र सिंह ,संजय द्विवेदी, उमाशंकर पटेल,मनीषा पाठक, डॉ के के त्रिपाठी,रवीना साकेत,जिला मंत्री शरद शाहू,सुनील सोहगौरा, नीलू रावत, मीनाक्षी केशरवानी, प्रवीण त्रिपाठी, मुनिराज पटेल, आनंद सिंह, रितेश मिश्रा,जिला कोषाध्यक्ष सन्तोष तिवारी,जिला कार्यालय मंत्री वीरेश पांडेय,सह कार्यालय मंत्री जय प्रताप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी डॉ अनिल द्विवेदी,सह मीडिया प्रभारी विवेक पांडेय छोटू, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा शिवेंद्र शुक्ला ,जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रशांत पाठक,जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा रविराज विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा सियाशरण साकेत, जिलाध्यक्ष एसटी मोर्चा तुलसीदास कोल, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मो इमरान अंसारी, बनकुइयां मंडल अध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय, सेमरिया मंडल अध्यक्ष अरुणेंद्र तिवारी, शाहपुर मण्डल अध्यक्ष दिलीप सिंह, मनकहरी मंडल अध्यक्ष क्रान्तिवीर सिंह, डभौरा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अग्निहोत्री, जवा मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह, अतरैला मंडल अध्यक्ष सालिकर राम साहू, सिरमौर मंडल अध्यक्ष सुदामा कोल, गढ़ी मंडल अध्यक्ष समीर सिंह, त्योंथर मंडल अध्यक्ष घनश्याम यादव, रायपुर सोनौरी मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश मिश्रा, लालगांव मंडल अध्यक्ष सुनील पाण्डेय, मनगवां मंडल अध्यक्ष अरुणेंद्र मिश्रा, देवास मंडल अध्यक्ष सौखीलाल कोल, सूरा मंडल अध्यक्ष मुकेश पटेल, रामपुर सर्किल मंडल अध्यक्ष अंशु सिंह गोविंदगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, गुढ़ मंडल अध्यक्ष अनंत गुप्ता, रायपुर कर्चुलियान अभिषेक सिंह, दीनदयाल मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी, कुशाभाउ मंडल अध्यक्ष हेमलता सिंह, अटल मंडल अध्यक्ष गौरव पाण्डेय, रीवा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र सिंह , जिला संयोजक आई टी नवीन शर्मा सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शोक प्रकट किया है।


आयुष्मान द्वारा नि:शुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल मे

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल मे रहने की आवश्यकता नही
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय मे ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय मे काम पुन: शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य क्रियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा नि:शुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



*स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन :* **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** *दूरभाष : 09424315633,7389444833*